शुक्रवार, 16 मई 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 37 – 27 |
| आर्द्रता | 60% |
| सूर्योदय: 4:57 | सूर्यास्त: 18:09 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा
कोलकाता, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष चतुर्थी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध पूरी तरह से द्विपक्षीय रहेंगे, बातचीत आतंकवाद तक ही सीमित: जयशंकर -पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : सपनों को जीने के लिए डर को त्यागना पड़ता है।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# बेरोजगार शिक्षकों ने विकास भवन के बाहर किया प्रदर्शन

## पुलिस और प्रदर्शनकारी शिक्षकों के बीच हिंसक झड़प, कई घायल

**■ बेरोजगार शिक्षकों ने आज पूरे राज्य में 'धिक्कार दिवस' मनाने का किया आह्वान**



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल शिक्षा विभाग के साल्टलेक स्थित मुख्यालय विकास भवन के आसपास का इलाका गुरुवार को देर शाम एक तरह से युद्ध के मैदान में तब्दील हो गया, जहां प्रदर्शनकारी स्कूली शिक्षकों और पुलिस के बीच हिंसक झड़पें हुईं। सरकारी भवन के सामने घेराव करने वाले प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए पुलिस ने कथित तौर पर लाठीचार्ज किया। पुलिस की कार्रवाई के बाद कई शिक्षक घायल हो गये, जिनमें पुरुष और महिलाएं शामिल हैं। पुलिस की कार्रवाई एक घंटे से अधिक समय तक जारी रही। कुछ प्रदर्शनकारियों के सिर एवं अन्य हिस्सों से खून रिसता देखा गया। हिंसा में कई पुलिस कर्मी भी घायल हुए और उनमें से कुछ को उनके सहयोगी वहां से ले गये। दरअसल, इस दिन, नौकरी गंवाने वाले शिक्षक दोपहर से ही बहाली की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं के कारण सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में हजारों नियुक्तियों को अदालत ने रद्द कर दिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि रात करीब 8 बजे तनाव बढ़ गया जब अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया और लाठीचार्ज कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने का प्रयास किया गया। पुलिस ने कथित तौर पर तब कार्रवाई की जब शिक्षकों के धरना प्रदर्शन के मद्देनजर विकास भवन परिसर के अंदर फंसे शिक्षा विभाग के कर्मचारी प्रदर्शनकारियों के कारण बाहर नहीं निकल सके। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करने के बावजूद उन्हें घसीटा गया, कुछ लोग इसका विरोध करने के लिए सड़क पर लेट गए। कई प्रदर्शनकारियों को भवन परिसर के अंदर से उनके कॉलर पकड़ कर घसीटते हुए और पुलिस वाहनों में धकेलते हुए देखा गया। त्वरित कार्य बल (आरएएफ) कर्मियों की सहायता से सरकारी भवन के अंदर से प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए बल प्रयोग किया गया। बड़ी संख्या में शिक्षकों ने अंदर प्रवेश कर नाकाबंदी कर दी थी। इससे पहले, कुछ प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर एक गेट को तोड़ दिया और विकास भवन के परिसर में घुस गए, जिससे अराजकता फैल गई। राज्य सरकार के सौ से अधिक कर्मचारी अंदर फंस गए जिन्हें बाद में पुलिस ने बाहर निकाला। प्रदर्शनकारियों में से एक महबूब मंडल ने कहा कि हम नयी परीक्षा नहीं देंगे। हमारी मांग स्पष्ट है – हमारी नौकरियां बहाल होनी चाहिए। हम तब तक नहीं जाएंगे जब तक मुख्यमंत्री खुद हमसे बात नहीं करतीं। एक अन्य शिक्षक ने कहा कि पहले वे संस्थागत भ्रष्टाचार का सहारा लेकर हमारी नौकरियां छीन लेते हैं। फिर वे हमारा खून बहाने के लिए हम पर पुलिस बल उतार देते हैं। शिक्षक की कमीज हाथापाई में फट गई थी। बिधाननगर के पुलिस आयुक्त मुकेश ने कहा कि हमने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए न्यूनतम बल प्रयोग किया है।

## बाजार में दो दिन की तेजी से निवेशकों की पूंजी नौ लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नयी दिल्ली :** शेयर बाजार में दो दिन की तेजी से निवेशकों की संपत्ति नौ लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 1,200.18 अंक यानी 1.48 प्रतिशत उछलकर सात महीने के उच्चस्तर 82,530.74 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 1,387.58 अंक तक चढ़ गया था। दो दिनों में सेंसेक्स 1,382.52 अंक यानी 1.70 प्रतिशत चढ़ा है। इस तेजी के साथ, बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 9,08,725.11 करोड़ रुपये बढ़कर 4,40,19,512.13 करोड़ रुपये (5,140 अरब डॉलर) पर पहुंच गया।

## जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में मुठभेड़ में तीन आतंकी ढेर

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में बृहस्पतिवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में जैश-ए-मुहम्मद के तीन आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के अवंतीपुरा के नादेर त्राल इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सटीक सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि तलाश अभियान के दौरान छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

# पाकिस्तान से केवल आतंकवाद और पीओके पर बात होगी : राजनाथ सिंह



**श्रीनगर :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ कोई भी बातचीत केवल आतंकवाद और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर ही होगी। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद कश्मीर की अपनी पहली यात्रा पर आए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत सशस्त्र बलों की मदद से जल्द ही क्षेत्र से आतंकवाद का सफाया कर देगा। सिंह ने कश्मीर दौरे के दौरान बादामी बाग छावनी की तस्वीरें सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा करते हुए एक पोस्ट में कहा, ''श्रीनगर के बादामी बाग छावनी में बहादुर भारतीय सेना के जवानों के साथ अद्भुत बातचीत हुई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को फिर से परिभाषित किया है कि भारतीय धरती पर किसी भी हमले को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकती; पाकिस्तान के साथ बातचीत केवल आतंकवाद और पीओके पर ही होगी। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आज भारत ने पूरी दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ हम किसी भी हद तक जा सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि सरकार और देश की जनता हर कदम पर, हर स्थिति में सशस्त्र बलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। सिंह ने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि सेना के सहयोग से भारत जल्द ही क्षेत्र से आतंकवाद का सफाया कर देगा, ''ताकि कोई भी देश की संप्रभुता पर बुरी नजर डालने की हिम्मत न कर सके।'' रक्षामंत्री ने अपनी यात्रा के दौरान 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए नागरिकों तथा ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने घायल सैनिकों के साहस की भी सराहना की तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने सीमा पार कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, ''आज मैं यहां रक्षा मंत्री के साथ-साथ एक संदेशवाहक के रूप में भी आया हूं। पूरे देश की शुभकामनाएं, उनकी प्रार्थनाएं और उनकी कृतज्ञता लेकर मैं आपके बीच आया हूं। एक तरह से आप समझिये कि मैं एक डाकिया बनकर आपके बीच आया हूं और देशवासियों का संदेश लाया हूं। संदेश यह है कि 'हमें हमारी सेनाओं पर गर्व है'।'' सिंह ने सैन्य बलों को उन्नत हथियारों, उपकरणों और आधुनिक बुनियादी ढांचे से लैस करने की सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई। उन्होंने कहा, ''हमारी सरकार ने सुनिश्चित किया है कि हमारी सेनाएं हर स्थिति के लिए तैयार रहें। आधुनिक राइफलें, मिसाइल रक्षा कवच और ड्रोन जैसे कई नए उपकरण भारत में तेजी से बनाए जा रहे हैं।''

### राजनाथ सिंह ने परमाणु आयुधों को संभालने की पाकिस्तान की क्षमता पर सवाल उठाया

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तान के हाथ में परमाणु आयुधों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की निगरानी में लिया जाना चाहिए। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद जम्मू कश्मीर की अपनी पहली यात्रा पर आए रक्षा मंत्री ने सैनिकों से बातचीत में कहा कि इस अभियान ने आतंकी संगठनों और पाकिस्तान में उनके आकाओं को साफ बता दिया कि उन्हें खुद को कहीं भी सुरक्षित नहीं मानना चाहिए। सिंह ने कहा, ''मैं पूरी दुनिया के सामने यह प्रश्न उठाना चाहता हूं कि पाकिस्तान, जो कि एक दुष्ट और गैर जिम्मेदार देश है, क्या उसके हाथों में परमाणु हथियार सुरक्षित हैं ?''

# वक्फ कानून: अंतरिम राहत के मुद्दे पर 20 मई को सुनवाई करेगा न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं में अंतरिम राहत देने के मुद्दे पर 20 मई को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ 'वक्फ बाई यूजर' या 'वक्फ बाई डीड' द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने के अधिकार समेत तीन मुद्दों पर अंतरिम निर्देश पारित करने के मामले में दलीलें सुनेगी। दूसरा मुद्दा राज्य वक्फ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ परिषद की संरचना से संबंधित याचिकाओं में उठाया गया जहां उनकी दलील है कि पदेन सदस्यों के अलावा केवल मुसलमानों को इसका परिचालन करना चाहिए। तीसरा मुद्दा उस प्रावधान से संबंधित है, जिसके अनुसार, जब कलेक्टर यह पता लगाने के लिए जांच करेगा कि संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं, तो वक्फ संपत्ति को वक्फ नहीं माना जाएगा। प्रधान न्यायाधीश ने याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित करते हुए कहा, ''हम अंतरिम राहत के मुद्दे पर मंगलवार को ही विचार करेंगे।'' पीठ ने कानून की वैधता को चुनौती देने वालों की ओर से पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अन्य तथा केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से सोमवार 19 मई तक अपने लिखित नोट्स जमा करने को कहा। दोनों पक्षों के वकीलों ने पीठ को सूचित किया कि न्यायाधीशों को दलीलों का अध्ययन करने में और समय लग सकता है। इस बीच मेहता ने कहा कि किसी भी मामले में केंद्र सरकार का यह आश्वासन है कि किसी भी वक्फ संपत्ति को, जिसमें 'वक्फ बाई यूजर' द्वारा स्थापित संपत्तियां भी शामिल हैं, गैर-अधिसूचित नहीं किया जाएगा।

## तुर्किये की कंपनी सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया की सुरक्षा मंजूरी रद्द

**नयी दिल्ली :** नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने बृहस्पतिवार को 'राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में' तुर्किये की जमीनी रखरखाव से जुड़ी कंपनी सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लि. की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी। यह फैसला तुर्किये का पाकिस्तान का समर्थन करने और वहां के आतंकवादी ठिकानों पर भारत के हाल के हमलों की आलोचना के कुछ दिन बाद आया है। तुर्किये स्थित सेलेबी की इकाई सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया, नौ हवाई अड्डों – मुंबई, दिल्ली, कोचीन, कन्नूर, बेंगलुरु, हैदराबाद, गोवा (जीओएक्स), अहमदाबाद और चेन्नई में सेवाएं प्रदान करती है। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो ने एक आदेश में कहा, ''... सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लि. के संबंध में सुरक्षा मंजूरी राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में तत्काल प्रभाव से रद्द की जाती है।''

# भारत-पाकिस्तान में मध्यस्थता पर अपने बयान से पलटे डोनाल्ड ट्रंप

**नई दिल्ली :** पाकिस्तान के साथ लड़ाई में हुए संघर्ष विराम पर भारत में जमकर राजनीति हो रही है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के साथ कोई मध्यस्थता नहीं कराई। उनका कहना है कि इस संघर्ष विराम को लेकर उन्होंने मदद जरूर की है। इससे पहले उन्होंने कहा था कि व्यापार का दवाब डालकर उन्होंने भारत और पाकिस्तान को संघर्ष विराम के लिए राजी किया।उनके इस बयान पर भारत में राजनीतिक घमासान तेज हो गया था। विपक्ष दलों का आरोप था कि नरेंद्र मोदी सरकार ने अमेरिका के दबाव में आकर यह संघर्ष विराम किया। उसका कहना था कि कश्मीर मसले पर यह भारत के आधिकारिक रवैये के खिलाफ है। दरअसल डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कतर की राजधानी दोहा में एक कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच हालात बेहद तनावपूर्ण हो चुके थे। मिसाइलों की भाषा में बात होने वाली थी। इसीलिए उन्होंने दोनों देशों से बात कर माहौल शांत करवाया। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि मुझे उम्मीद है कि मेरे यहां से निकलने के बाद भी मैं यहीं सुनूंगा कि दोनों देश शांत हैं।



### 'मैं नहीं चाहता एपल भारत में आईफोन बनाए, वे अपना ख्याल खुद रख सकते हैं', ट्रंप की एक और गलतबयानी

# निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू होने तक लड़ाई जारी रहेगी: राहुल गांधी

**दरभंगा (बिहार) :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू होने तक अपनी लड़ाई जारी रखेगी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने बिहार के दरभंगा में आंबेडकर छात्रावास में कांग्रेस के 'शिक्षा न्याय संवाद' कार्यक्रम के तहत छात्रों से बातचीत की। उन्होंने कहा, '' कांग्रेस देश के निजी शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण लागू करने की मांग करती है। हम इस संबंध में सरकार पर दबाव बनाएंगे... हमारी लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक यह हासिल नहीं हो जाता।'' गांधी ने आरोप लगाते हुए कहा, '' यह सरकार दलितों, अति पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों के खिलाफ है।'' उन्होंने यह भी मांग की कि केंद्र राष्ट्रव्यापी जातिगत गणना के लिए 'तेलंगाना मॉडल' का पालन करे।

### दरभंगा में बिना अनुमति के संवाद करने पर राहुल व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ 2 प्राथमिकी दर्ज

बिहार के दरभंगा जिले के आंबेडकर छात्रावास में बिना अनुमति के 'शिक्षा, न्याय संवाद' कार्यक्रम आयोजित करने के आरोप में पुलिस ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और 100 से अधिक पार्टी कार्यकर्ताओं के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कांग्रेस के राज्यव्यापी जनसंपर्क अभियान के तहत आंबेडकर छात्रावास में छात्रों से बातचीत की। इससे पहले जिला प्रशासन ने कार्यक्रम के लिए अनुमति देने से इनकार कर दिया था और इसके स्थान पर वैकल्पिक स्थल का प्रस्ताव दिया था। कांग्रेस ने इस सुझाव को अस्वीकार कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप गतिरोध उत्पन्न हो गया।

## प्राथमिकता के आधार पर विशेष पॉक्सो अदालतें स्थापित करे केंद्र : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों के मामलों से विशेष रूप से निपटने के लिए ''सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर'' समर्पित पॉक्सो अदालतें स्थापित करे। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने बृहस्पतिवार को कहा कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के मामलों के लिए विशेष अदालतों की संख्या अपर्याप्त होने के कारण, कानून के तहत सूनवाई को पूरा करने के लिए निर्धारित समयसीमा का पालन नहीं हो पा रहा है। पीठ ने कहा, ''इसलिए यह अपेक्षा की जाती है कि भारतीय संघ और राज्य सरकारें पॉक्सो मामलों की जांच से जुड़े अधिकारियों को संवेदनशील बनाने के लिए उचित कदम उठाएंगी। और सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पॉक्सो मामलों की सुनवाई के लिए समर्पित अदालतें भी बनाई जाएंगी।'' शीर्ष अदालत ने कानून में निर्धारित अनिवार्य अवधि के भीतर आरोपपत्र दाखिल करने के अलावा निर्धारित समय सीमा के भीतर मुकदमे की सुनवाई पूरा करने का भी निर्देश दिया।

# क्या न्यायालय विधेयकों को मंजूरी देने के संबंध में समयसीमा निर्धारित कर सकता है: राष्ट्रपति

**राष्ट्रपति मुर्मू ने विधेयकों को मंजूरी देने से संबंधित आदेश को लेकर उच्चतम न्यायालय से 14 सवाल पूछे** (पृष्ठ 7)



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दुर्लभ स्थितियों में इस्तेमाल किए जाने वाले अनुच्छेद 143(1) के तहत अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए उच्चतम न्यायालय से यह जानना चाहा है कि क्या राज्य विधानसभाओं की ओर से पारित विधेयकों पर राष्ट्रपति के विचार के लिए न्यायिक आदेश के जरिये समय-सीमा निर्धारित की जा सकती है। संविधान का अनुच्छेद 143(1) उच्चतम न्यायालय से परामर्श करने से जुड़ी राष्ट्रपति की शक्ति से संबंधित है। इस शक्ति का इस्तेमाल राष्ट्रपति तब करता है जब उसे यह प्रतीत होता है कि किसी कानून या किसी तथ्य को लेकर कोई सवाल खड़ा हुआ है या इसकी आशंका है। राष्ट्रपति को जब यह लगता है कि कोई सवाल सार्वजनिक महत्व से जुड़ा है और यदि इस पर उच्चतम न्यायालय की राय प्राप्त करना समीचीन है, तो वह प्रश्न को विचा-रार्थ उच्चतम न्यायालय को भेज सकता है और न्यायालय सुनवाई के पश्चात अपनी उचित राय राष्ट्रपति को सूचित कर सकता है। उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु विधानसभा से पारित विधेयकों को मंजूरी देने की राज्यपाल की शक्तियों के मामले में आठ अप्रैल को एक फैसला सुनाया था, जिसके आलोक में राष्ट्रपति ने न्यायालय से 14 सवाल पूछे हैं। आठ अप्रैल के फैसले में पहली बार यह प्रावधान किया गया कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा विचारार्थ सुरक्षित रखे गए विधेयकों पर संदर्भ प्राप्त होने की तारीख से तीन महीने के भीतर निर्णय लेना चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मू ने पांच पन्नों में उच्चतम न्यायालय से 14 प्रश्न पूछे हैं और राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयकों को लेकर अनुच्छेद 200 और 201 के तहत राज्यपाल, राष्ट्रपति की शक्तियों पर उसकी राय पूछी है। अनुच्छेद 200 राज्य विधानसभा द्वारा विधेयक पारित करने से संबंधित स्थितियों तथा तत्पश्चात राज्यपाल के पास अनुमति देने, अनुमति न देने अथवा विधेयक को पुनर्विचार के लिए राष्ट्रपति के पास भेजने के विकल्प उपलब्ध कराने से संबंधित है। अनुच्छेद 201 राज्यपाल द्वारा राष्ट्रपति के विचारार्थ रोके गये विधेयकों से संबंधित है। केंद्र सरकार ने तमिलनाडु मामले में दिए गए न्यायालय के फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दायर करने के बजाय राष्ट्रपति के जरिये सवाल पूछा है, जिस पर राजनीतिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली है।

## पहले मासिक रोजगार आंकड़े जारी, अप्रैल में भारत की बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत रही

**नयी दिल्ली :** देश में पहली बार मासिक आधार पर मापी गई बेरोज-गारी की दर इस साल अप्रैल में 5.1 प्रतिशत रही। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने वास्तविक समय में देश में नौकरियों के लिए पात्र लोगों में बेरोजगार लोगों के अनुपात की निगरानी के प्रयासों के तहत पहला मासिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) जारी किया। इसके पहले तक श्रम बल सर्वेक्षण तिमाही और वार्षिक आधार पर ही जारी किया जाता था। वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में एकत्र हालिया आंकड़ों से पता चला है कि अप्रैल, 2025 के दौरान प्रत्येक आयु वर्ग के व्यक्तियों की बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत रही। पुरुषों में बेरोजगारी की दर 5.2 प्रतिशत रही, जबकि महिलाओं में यह दर पांच प्रतिशत रही। इस दौरान देश भर में 15-29 आयु वर्ग के लोगों में बेरोजगारी दर 13.8 प्रतिशत थी। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 17.2 प्रतिशत, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 12.3 प्रतिशत थी।



## पाक के हक में अरुणाचल की चाल

ऐसे वक्त में जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये पाक को सबक सिखाया है, चीन प्रत्यक्ष व परोक्ष तौर पर पाकिस्तान का समर्थन करता नजर आ रहा है। चीन-पाक की दुरभिसंधि दशकों पुरानी है लेकिन उसकी हालिया करतूतों की टाइमिंग को लेकर सवाल उठ रहे हैं। वह न केवल पाकिस्तान की सैन्य व आर्थिक मदद ही कर रहा है बल्कि चीनी सरकारी मीडिया भी कुप्रचार व भ्रामक समाचार फैलाने में पाक के साथ खड़ा नजर आ रहा है। अब उसने अपनी नई करतूत अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलकर उजागर की है। हालांकि, ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। लगातार तीसरे साल चीन ने भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदला है। चीन अरुणाचल को जांगनान के नाम से दर्शाता है। वहीं इसे तिब्बत के दक्षिणी हिस्से के रूप में होने का दावा करता है। जैसा कि उम्मीद भी थी, भारत सरकार ने चीन के इन बेतुके दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। नई दिल्ली ने बीजिंग के इस बेतुके-निराधार दावे को सिरे से नकार दिया है। भारत सरकार ने फिर से दोहराया है कि 'अरुणाचल भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था और हमेशा रहेगा।' दरअसल, चिंता की बात यह है कि चीन ने यह करतूत ऐसे समय में की है जब पहलगाम हमले और उसके जवाब में सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' के चलते भारत-पाक के बीच तनाव कायम है। निश्चय ही इन स्थितियों में चीन का यह भड़काऊ कदम है। यहां उल्लेखनीय है कि भारतीय उपमहाद्वीप में हाल ही में हुई उथल-पुथल के दौरान पाकिस्तान को उसके सदाबहार दोस्त बीजिंग का भरपूर समर्थन मिला है। जिससे पता चलता है कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाने तथा व्यापार-कारोबार बढ़ाने की बात करने वाला चीन भारत के प्रति कैसी दुर्भावना रखता है। भले ही वह वैश्विक संगठनों व मंचों पर भारत के साथ खड़ा होने का दावा करता हो।

निस्संदेह, ऐसी घटनाएं हमें सतर्क करती हैं कि चीन के साथ मैत्री संबंधों के निर्धारण के दौरान हमें सजग व सचेत रहना चाहिए। अन्यथा चीन पीठ पर वार करने से नहीं चूकने वाला है। बीते वर्ष विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने व्यंग्यात्मक लहजे में एक सवाल पूछा था, 'अगर आज मैं आपके घर का नाम बदल दूं तो क्या वो मेरा हो जाएगा?' लेकिन निर्विवाद रूप से चीन ने विदेश मंत्री के इस संदेश को नजरअंदाज ही किया है। इतना ही नहीं वह फिर से भौगोलिक क्षेत्रों के नामों के मनमाने मानकीकरण के साथ आगे बढ़ गया है। लेकिन सवाल इस करतूत के समय का है। जाहिर बात है कि बीजिंग ने ऐसा न केवल चुनौतीपूर्ण समय में भारत का ध्यान भटकाने के लिये किया है, बल्कि पाकिस्तान के साथ एकजुटता दिखाने के लिये भी किया है। उस पाकिस्तान को, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कड़ी चेतावनी दी थी। प्रधानमंत्री ने सिर्फ और सिर्फ पाकिस्तान द्वारा कब्जाए कश्मीर पर ही बातचीत करने की बात कही थी। ऐसे में चीन ने अरुणाचल पर अपने क्षेत्रीय दावे से फिर से पाकिस्तान का मनोबल बढ़ाने का कुत्सित प्रयास किया। यह जानते हुए भी उसके दावे निराधार हैं। वहीं दूसरी ओर मोदी सरकार ने चीन के सरकारी मीडिया, खासकर ग्लोबल टाइम्स द्वारा कथित तौर पर फैलाए जा रहे पाकिस्तानी दुष्प्रचार के मामले को गंभीरता ले लिया है। गत सात मई को, चीन स्थित भारतीय दूतावास ने ग्लोबल टाइम्स को इस बात के लिये फटकार लगायी थी कि उसने तथ्यों और स्रोतों को पुष्टि किए बिना पाकिस्तान की सेना द्वारा भारतीय लड़ाकू विमान को मार गिराए जाने की रिपोर्ट दी थी। दिल्ली ने बुधवार को भारत में चीनी मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स के एक्स-अकाउंट हैंडल को कुछ घंटों के लिये ब्लॉक कर दिया था। निस्संदेह, चीनी शरारतें उनके नेताओं के भारत के प्रति हाल के प्रयासों के विपरीत हैं। ऐसे में चीनी विदेश मंत्री वांग यी द्वारा परिकल्पित ड्रैगन और हाथी के बीच दोस्ती का प्रपंच तब तक एक दूर का सपना ही रहेगा, जब तक कि चीन पाकिस्तान को बचाने के प्रयासों में लगा रहेगा।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 16 मई, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष चतुर्थी, 29:14 तक, नक्षत्र : मूल, 15:57 तक, योग : सिद्ध, 07:05 तक, सूर्योदय: 4:57, सूर्यास्त: 18:09, चन्द्रोदय : 21:36, चन्द्रास्त: 07:21, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 09:54 से 11:33

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों के लिए आज का दिन महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने वाला और करियर में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने का अवसर ला सकता है। मेहमानों के आगमन से खर्चे बढ़ सकते हैं।

**वृष :** वृषभ राशि के जातकों को कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है, विशेष रूप से अधिकारियों या व्यापारिक साझेदारों से मतभेद होने की आशंका है।

**मिथुन :** मिथुन राशि के जातकों के लिए दिन व्यवसायिक और पेशेवर जीवन में कुछ रुकावटें लेकर आ सकता है। मशीनरी या तकनीकी खराबी से व्यापार में रुकावट संभव है।

**कर्क :** कर्क राशि के जातकों के लिए कार्यक्षेत्र में मिली-जुली परिस्थितियां रहेंगी। कुछ कार्य अपेक्षा से बेहतर होंगे, जबकि अन्य में देरी हो सकती है। तनाव से बचने की सलाह है।

**सिंह :** सिंह राशि के जातकों के लिए दिन करियर और धन के क्षेत्र में सकारात्मक संकेत दे रहा है। समाज में प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और किसी महत्वपूर्ण प्रॉजेक्ट में आपकी भागीदारी से लाभ होगा।

**कन्या :** कन्या राशि के जातकों के लिए दिन विशेष रूप से करियर और आर्थिक दृष्टि से शुभ है। चंद्रमा और मंगल की स्थिति संपत्ति और सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि के संकेत दे रही है।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए दिन व्यापार और नौकरी में नई संभावनाएं लेकर आ सकता है। जीवनसाथी का सहयोग आपके लिए किसी नई व्यावसायिक योजना को मूर्त रूप देने में सहायक होगा।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए दिन सेवा कार्यों और सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि का है। व्यापार में मानवीय मूल्यों को प्राथमिकता देने से दीर्घकालिक सफलता मिलेगी।

**धनु :** धनु राशि के जातकों के लिए दिन पारिवारिक तनावों और सामाजिक दबावों के बीच संतुलन बनाए रखने का है। निवेश से पूर्व विशेषज्ञ की सलाह अवश्य लें।

**मकर :** मकर राशि के जातकों के लिए दिन अचानक से धन लाभ का संकेत दे रहा है। कोई पुराना निवेश अच्छा रिटर्न दे सकता है। व्यापार में लाभदायक डील होने की संभावना है।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के जातकों के लिए दिन आर्थिक उन्नति और करियर में प्रगति का है। चंद्रमा की शुभ स्थिति से धन की प्राप्ति होगी और मनोबल बढ़ेगा। व्यापार में पुराने निवेश से लाभ मिलेगा।

**मीन :** मीन राशि के जातकों के लिए दिन करियर की दृष्टि से अत्यंत शुभ है। यदि आप किसी नई नौकरी या प्रमोशन की प्रतीक्षा कर रहे हैं, तो शुभ समाचार मिल सकता है।

# पाकिस्तान पर भारतीय हमलों में छह हवाई क्षेत्रों को नुकसान पहुंचा

**इमोजेन पाइपर, इवान हिल, माहम जावेद, रिक नोक**

### 'द वाशिंगटन पोस्ट' का विश्लेषण

'द वाशिंगटन पोस्ट' के एक वीडियो विश्लेषण के अनुसार शनिवार को पाकिस्तान पर हुए भारत के हमलों में कम से कम छह हवाई क्षेत्रों के रनवे और अन्य संरचनाओं को नुकसान पहुंचा। विशेषज्ञों का कहना है कि इन दो दक्षिण एशियाई प्रतिद्वंद्वियों के बीच दशकों से चल रहे संघर्ष में यह अपनी तरह का सबसे महत्वपूर्ण हमला था।

दो दर्जन से अधिक उपग्रह चित्रों और उसके बाद के वीडियो की समीक्षा में पाया गया कि हमलों में पाकिस्तानी वायु सेना द्वारा उपयोग किए जाने वाले तीन हैंगर, दो रनवे और दो मोबाइल इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा है। भारत के निशाना बनाए गए कुछ स्थान, पाकिस्तान के 100 मील अंदर तक थे।

किंग्स कॉलेज लंदन में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के एक वरिष्ठ व्याख्याता और दक्षिण एशियाई सुरक्षा मुद्दों के विशेषज्ञ वाल्टर लैडविग के अनुसार ये हमले 1971 के युद्ध के बाद से पाकिस्तानी सैन्य बुनियादी ढांचे पर सबसे बड़े भारतीय हवाई हमले थे।

सशस्त्र संघर्ष को ट्रैक करने के लिए उपग्रह चित्रों का उपयोग करने वाली शोध परियोजना, 'कंटेस्टेड ग्राउंड' के एक भू-स्थानिक विश्लेषक विलियम गुडहिंड के अनुसार सटीक हमलों में महत्वपूर्ण स्थानों को निशाना बनाया गया जिसका उद्देश्य पाकिस्तान की आक्रामक और रक्षात्मक हवाई क्षमताओं को नीचा दिखाना था।

मिडिलबरी कॉलेज में पूर्वी एशिया अप्रसार कार्यक्रम के निदेशक जेफरी लुईस ने आकलन किया कि हवाई अड्डों को कुछ नुकसान हुआ है लेकिन इतना नहीं कि वे अक्षम हो जाएं।

इन हमलों के बाद भारत ने पाकिस्तान में 11 ठिकानों को निशाना बनाए जाने का दावा किया। इनमें वे जगह भी शामिल हैं जिनको लेकर द पोस्ट ने नुकसान की पुष्टि की है। भारत ने अपनी कार्रवाई को मापा हुआ और कैलिब्रेटेड बताया।

पाकिस्तान के मुख्य सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने मूल रूप से संवाददाताओं से कहा कि एयरबेस के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कितने एयरबेस को क्षति पहुंची है। सेना ने बुधवार को कहा कि पाकिस्तान की वायु सेना के छह कर्मी मारे गए।

चौधरी ने बुधवार को द पोस्ट को बताया कि पाकिस्तान की सेना ने अधिकांश भारतीय मिसाइलों को नाकाम कर दिया। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ मिसाइल पाकिस्तान की सीमा में घुसने में सफल रहीं। सेना ने पांच एयरबेस और एक नागरिक हवाई अड्डे पर हमलों की पुष्टि की। चौधरी ने कहा कि एक विमान को मामूली क्षति पहुंची है।



उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अपनी हवाई प्रतिरक्षा पर पूरा भरोसा है।

अल्बानी विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर और भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर एक किताब के लेखक क्रिस्टोफर क्लेरी ने कहा कि उपग्रह साक्ष्य इस दावे के अनुरूप हैं कि भारतीय सेना ने पूर्वी पाकिस्तान में कई ठिकानों पर पाकिस्तानी वायु सेना को महत्वपूर्ण क्षति पहुंचाई। हालांकि वे मानते हैं कि ये विनाशकारी नहीं था।

शनिवार को भारतीय हमलों के बाद पाकिस्तान ने तेजी से जवाबी हमले किए। इस्लामाबाद ने कहा कि उसने अपने जवाबी हमलों में कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, जिसमें भारतीय प्रशासित कश्मीर और भारतीय राज्य पंजाब में कई हवाई ठिकाने शामिल हैं। भारत सरकार ने या तो उन दावों का खंडन किया है या नुकसान की पुष्टि करने से इनकार कर दिया है।

भारत ने 7 मई को हमलों के शुरुआती चरण के दौरान देश के पांच लड़ाकू विमानों को मार गिराए जाने के पाकिस्तान के दावों पर भी कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं की है। द पोस्ट के एक विश्लेषण में पाया गया कि ऑपरेशन के दौरान कम से कम दो भारतीय लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका है। शनिवार को तेजी से बढ़ते तनाव ने वाशिंगटन को चिंतित कर दिया। अमरीकी अधिकारियों को डर था कि परमाणु क्षमता संपन्न ये दो देश खतरनाक रूप से पूर्ण युद्ध के करीब थे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा युद्ध विराम की घोषणा के कुछ घंटों बाद ये लड़ाई समाप्त हो गई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ने अपने अभियानों को रोक दिया है, लेकिन कश्मीर में 22 अप्रैल जैसे कोई और आतंकवादी हमले की स्थिति में पाकिस्तान पर फिर से हमला करने के लिए तैयार है। 22 अप्रैल को आतंकी हमले में 26 नागरिक मारे गए और संघर्ष का यह नया दौर शुरू हुआ। भारत ने कहा कि आतंकी हमले का संबंध पाकिस्तान से है; लेकिन, पाकिस्तान ने इसमें किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया और अंतरराष्ट्रीय जांच की मांग की है।

विश्लेषक गुडहिंद ने सैटेलाइट इमेजरी की समीक्षा करने के बाद कहा कि पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के ठीक बाहर रावलपिंडी में नूर खान एयर बेस पर दो मोबाइल कंट्रोल सेंटर नष्ट कर दिए गए। घटनास्थल के पास के एक पार्किंग स्थल से लिए गए वीडियो में क्षतिग्रस्त क्षेत्र से धुआं निकलता हुआ दिखाई दिया।

एक अन्य सैन्य शोधकर्ता ने कहा कि नूर खान एयर बेस पाकिस्तान में काफी महत्वपूर्ण एयरबेस है, क्योंकि यह सेना का प्रमुख परिवहन केंद्र है। यह बेस रणनीतिक योजना प्रभाग के भी करीब है, जो देश के 170 परमाणु हथियारों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार इकाई है।

पाकिस्तानी सेना का जनरल मुख्यालय और संयुक्त स्टाफ मुख्यालय भी रावलपिंडी में नूर खान एयर बेस के पास स्थित है। नाम न बताने की शर्त पर सैन्य शोधकर्ता ने कहा, इस तरह के हमले को देश के नियंत्रण केंद्र को नष्ट करने के प्रयास के रूप में गलत तौर पर समझा जा सकता है।

पाकिस्तानी वायुसेना के भोलारी और शाहबाज एयरबेस पर सैटेलाइट इमेजरी से पता चला है कि विमान ठहराव (हैंगर) के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा है। भोलारी में एक हैंगर की छत पर लगभग 60 फीट चौड़ा एक बड़ा छेद दिखाई दे रहा है, जिसके बारे में विशेषज्ञों ने कहा कि यह मिसाइल के प्रभाव के अनुरूप है। बाहर फुटपाथ पर मलबा बिखरा हुआ था और एक दीवार बगल की इमारत पर गिर गई थी।

सैन्य शोधकर्ता के अनुसार भोलारी हैंगर में आमतौर पर साब 2000 एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम विमान होता है। यह एक निगरानी विमान है जिसकी कीमत करोड़ों डॉलर है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि हमले के समय विमान हैंगर में था या नहीं।

विशेष रूप से सेना के उपयोग किए जाने वाले शाहबाज एयरबेस पर सैटेलाइट इमेजरी से एक हैंगर में एक और बड़ा छेद दिखाई दिया, जो 100 फीट से अधिक चौड़ा था और एक नियंत्रण टॉवर को नुकसान पहुंचा था। गुडहिंद ने बताया कि दक्षिण-पूर्व में सुक्कुर हवाई अड्डे का उपयोग नागरिक और सैन्य दोनों उद्देश्यों के लिए किया जाता है। वहां पर एक अन्य हैंगर हमले में ढह गया और एक रडार साइट नष्ट हो गई।

द पोस्ट के इमेजरी समीक्षा के अनुसार, भारतीय हमलों में मुशफ एयर बेस और शेख जायद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रनवे पर बड़े गड्ढे भी छोड़ दिए गए हैं। उपग्रह फर्मों प्लैनेट और मैक्सार की तस्वीरों के अनुसार, मुशफ में, गड्ढे अगले दिन तक ठीक हो गए या मरम्मत होते दिखाई दिए।

पाकिस्तान की सेना ने बुधवार को कहा कि भोलारी में वायु सेना के पांच जवान और मुशफ में एक जवान मारा गया।

पाकिस्तान में अंग्रेजी भाषा के अखबार डॉन ने बताया कि शेख जायद हवाई अड्डे के रॉयल लाउंज को काफी नुकसान पहुंचा है। इसका नाम संयुक्त अरब अमीरात के दिवंगत संस्थापक के नाम पर रखा गया है।

लाडविग ने कहा, एक ही समय में पाकिस्तान में इतने सारे सैन्य ठिकानों पर हमला करना जानबूझकर किए गए बदलाव को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारत ने पहले अपने हवाई अभियानों को कश्मीर या पाकिस्तान के दूरदराज के हिस्सों तक सीमित रखा था।

अब लैडविग ने कहा, भारत आतंकवादी हमलों को पारंपरिक सैन्य प्रतिशोध के आधार के रूप में देख रहा है।

# अरुणाचली चाल है पाक के हक में चीन की बौखलाहट



**ललित गर्ग**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद चीन बौखला गया है। पाकिस्तान की करारी हार एवं उसे दिये गये सबक को चीन पचा नहीं पा रहा है। चीन-पाक की सदाबहार दोस्ती के उदाहरण बार-बार सामने आते रहे हैं, हाल ही में सैन्य टकराव के दौरान चीन ने प्रत्यक्ष व परोक्ष तौर पर पाकिस्तान का समर्थन ही नहीं किया, बल्कि सैन्य व आर्थिक मदद भी की। ऐसे ही संवेदनशील समय पर चीन ने भारतीय जमीन पर दावेदारी जताने एवं अरुणाचल के 27 स्थानों को चीनी नाम देने की कुचेष्टा की है। उसकी यह नापाक कोशिश भी पाक के साथ खड़े होने का ही प्रयास है। यह ध्यान रहे कि वह अरुणाचल एवं उसके अनेक क्षेत्रों, इनमें आवासीय क्षेत्रों के साथ पहाड़ और नदियां भी हैं, इनको पहले ही चीनी नाम दे चुका है। भारत सरकार ने अरुणाचल के भीतरी स्थानों को नए नाम देने के चीन के निराधार और बेतुके प्रयासों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हुए इसकी निन्दा की है। चीन अपनी दोगली नीति, षडयंत्रकारी हरकतों एवं विस्तारवादी मंशा से कभी बाज नहीं आता। वह हमेशा कोई ऐसी कुचेष्टा करता ही रहता है जिससे भारत चीन बॉर्डर पर अक्सर तनाव रहता है। हालांकि भारत ने दो टूक जवाब देते हुए साफ कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और यह चीनी दुष्प्रचार के सिवाय कुछ नहीं है। चीन की इस हरकत ने यह साफ कर दिया है कि उससे संबंध सुधारने की भारत की तरफ से कितनी ही पहल हो जाए, वह सुधरने वाला नहीं है।

निश्चित ही चीन की ये दकियानूसी हरकतें पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं, यह उसके दुस्साहस एवं उच्छृंखलता का द्योतक है। नाम बदलने से इस स्पष्ट और निर्विवाद वास्तविकता को नहीं बदला जा सकता कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा। इस तरह की करतूतों, बचकानी एवं बेतूकी हरकतों से भारत को उकसाना चाहता है। इसी नीति के तहत वह भारत के पड़ोसी देशों में अपनी पैठ बना कर पुलों, सड़कों, व्यावसायिक केंद्रों आदि का निर्माण कर भारत की सीमा पर तनाव पैदा करने की भी कोशिश करता रहा है। शायद उसने यह मुगालता पाल लिया है कि ताजा घटनाक्रम से भारत दबाव में आ जाएगा लेकिन भारत अब ऐसे किसी दबाव में न तो आयेगा, बल्कि इनका सक्षम एवं तीक्ष्ण तरीके से जबाव देने में भारत सक्षम है। चीन का अधिक बौखलाहट एवं खीज का बड़ा कारण भारत ने उसके एयर डिफेंस सिस्टम, ड्रोन, मिसाइल आदि की इस कदर पोल खोल कर रख दी कि अब उसके लिए दुनिया के निर्धन देशों को अपने दोयम दर्जे एवं घटिया किस्म के चीनी हथियार बेचना कठिन होगा। पाकिस्तान ने जिस चीनी मिसाइल का इस्तेमाल किया था, उसे भारत ने नाकाम कर दिया।





चीन यह तो चाहता है कि भारत उसके हितों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरते, लेकिन खुद उसकी ओर से भारत के प्रति अपेक्षित संवेदनशीलता को लगातार नजरअंदाज करता है। चीन भरोसे लायक देश नहीं है, चीन के प्रति कठोर रवैया जरूरी है। निस्संदेह नाम बदलने जैसी घटनाएं हमें सतर्क करती हैं कि चीन के साथ मैत्री संबंधों के निर्धारण के दौरान हमें सजग, सावधान व सचेत रहना चाहिए। अन्यथा चीन पीठ पर वार करने से नहीं चूकने वाला है। भारत को चीन के साथ अपनी तिब्बत नीति पर भी नए सिरे से विचार करना होगा। पिछले तीसरे साल में चीन ने अरुणाचल प्रदेश के अनेक स्थानों के नाम बदले हैं। चीन अरुणाचल को जांगनान के नाम से दर्शाता है। वहीं इसे तिब्बत के दक्षिणी हिस्से के रूप में होने का दावा करता है। चीन किये गये वायदों एवं समझौतों से पीछे हटता रहा है, चीनी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच 1993, 1996, 2005 और 2013 में परस्पर भरोसा पैदा करने वाले समझौतों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने अपनी सेना को भारतीय दावे वाले इलाकों में अतिक्रमण करने का आदेश दिया। इसी का अंजाम रही जून 2020 में गलवान घाटी जैसी घटना। जिसमें उसके सैनिक गलवान घाटी में घुस आए थे, जिन्हें रोकने में खूनी संघर्ष हुआ। तबसे दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं। भारत के हिस्से की जमीन पर कब्जा करने के इरादे से वह चोरी-छिपे और चालबाजी से घुसपैठ करने की कोशिशें करता रहता है। चीन की विस्तारवादी नीति भारत सहित सम्पूर्ण एशिया के लिये ही नहीं, पूरे विश्व के लिए बड़ा खतरा है।

चीन भारत की बढ़ती ताकत एवं रूतबे से परेशान है। भारत की बढ़ती आर्थिक और सामरिक ताकत चीन को चुभती रही है, इसलिए वह चोरी, चालाकी और चालबाजी से भारत को कमजोर करने की चालें चलता रहता है। दरअसल, सीमाओं को लेकर नित नए विवादास्पद तथ्य लाना चीन की फितरत में शामिल है। अरुणाचल प्रदेश ही नहीं, अक्साई चिन, ताइवान और विवादित दक्षिण चीन सागर पर भी चीन अपना दावा जताता रहा है। शातिर और चालबाज चीन अरुणाचल के किसी दस्तावेज पर भारत का नाम स्वीकार नहीं करता। कुछ मौकों पर तो वह अरुणाचल को अपने नक्शे में शामिल कर दुनिया के सामने साबित करने की कोशिश कर चुका है कि वह उसका इलाका है। मगर भारत की तरफ से मिले सख्त प्रतिरोध की वजह, सामरिक शक्ति और रणनीतिक सूझ-बूझ से उसे हर बार मुंह की खानी पड़ी है।

भारत को अनेक मोर्चों पर चीन को आडे हाथ लेना होगा, सबसे जरूरी है चीन सामान का बहिष्कार, इस पर सरकार के साथ हमारे उद्योग जगत एवं आम जनता को भी गंभीरता से सोचना होगा। ऐसा करके ही चीन की कमर को तोड़ा जा सकता है, आज दुनिया के अनेक देश चीनी सामान का बहिष्कार कर रहे हैं, हमें भी कठोर कदम उठाने होंगे। भारत ने जब भी पाकिस्तान में पनाह पाए आतंकियों को अंतरराष्ट्रीय आतंकवादियों की सूची में डलवाने का प्रयास किया, चीन संयुक्त राष्ट्र में अपने वीटो का प्रयोग कर उसे रोकने की कोशिश करता रहा है, जबकि पूरी दुनिया आतंकवाद के खिलाफ युद्ध का समर्थन करती रही है। जिससे पता चलता है कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाने तथा व्यापार-कारोबार बढ़ाने की बात करने वाला चीन भारत के प्रति कैसी दुर्भावना रखता है। वह वैश्विक संगठनों व मंचों पर भारत के साथ खड़ा होने का दावा एवं ढोंग ही करता है।

भारत एवं चीन दोनों देशों के बीच संबंधों में आने वाली तल्खी की बड़ी वजह भी चीन की नीयत में खोट, उच्छृंखलता एवं अनुशासनहीनता ही है। चीन ने एक बार फिर अपनी इस हरकत से भारत के प्रति शत्रुता को ही जाहिर किया है। भारत के साथ चीन का बर्ताव हमेशा दोगला एवं द्वेषपूर्ण रहा है। इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि चीन किस तरह पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मोहरे की तरह इस्तेमाल करता रहा है। जाहिर बात है कि चीन ने ऐसा न केवल चुनौतीपूर्ण समय में भारत का ध्यान भटकाने के लिये किया है, बल्कि पाकिस्तान के साथ एकजुटता दिखाने के लिये भी किया है। अपनी आर्थिक शक्ति के नशे में चूर अहंकारी चीन अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों को जिस तरह धता बता रहा है, उससे वह विश्व व्यवस्था के लिए खतरा ही बन रहा है। अब यह भी किसी से छिपा नहीं कि वह गरीब देशों को किस तरह कर्ज के जाल में फंसाकर उनका शोषण कर रहा है। चीन भूल गया है कि अब भारत 1962 वाला भारत नहीं है, यह नया भारत है और आज का भारत चीन को मिट्टी में मिलाने की ताकत रखता है। भारत की रणनीति साफ है, स्पष्ट है। आज का भारत समझने और समझाने की नीति पर विश्वास करता है लेकिन अगर हमें आजमाने की कोशिश होती है तो जवाब भी उतना ही प्रचंड देने में वह समर्थ हैं। भारतीय सेना में सरहदें बदल देने की क्षमता है, दुश्मनों को इरादों को ध्वस्त करने का मादा है इसलिये चीन अपने नक्शे में भले ही छेड़छाड़ करता रहे, लेकिन भारत की भूमि पर कब्जाने की उसकी मंशा अब कभी साकार नहीं होगी।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## वर्ग पहेली नं. 3093

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | |
| | ■ | | ■ | 6 | | | ■ | | ■ |
| 7 | | | 8 | ■ | ■ | 9 | 10 | | 11 |
| ■ | ■ | ■ | 12 | | 13 | | | ■ | |
| 14 | 15 | | | ■ | | ■ | ■ | 16 | |
| ■ | | ■ | ■ | 17 | | | 18 | ■ | |
| ■ | 19 | 20 | | | ■ | ■ | 21 | 22 | |
| 23 | ■ | | ■ | 24 | | 25 | ■ | | ■ |
| 26 | | | ■ | | ■ | 27 | | | |

*बायें से दायें:-* 2) अत्यधिक; असीम, 4) क़िस्मत का धनी, 6) हमेशा, 7) ज़िम्मेदारी, 9) पराधीन; स्वामीभक्त; आज्ञाकारी, 12) आक्रमक, 14) रज़ामंद, 16) अनेक, 17) चप्पू, 19) श्रमिक, 21) राम का जनक, 24) एक दिशा, 26) समीप का स्थान, 27) इधरउधर.

*ऊपर से नीचे:-* 1) बीमार, 2) चिंतित, 3) एक संख्या, 4) सौदेबाज़ी, 5) अनुबंध; वचन; वादा, 8) अधीनता; मातहती; अधिकार, 10) एक फल, 11) पाकशाला, 13) धिक्कार, 15) मामूली; पानी की तरंग, 17) आत्मबलिदानी; अनुमति-पत्र; प्रेमी, 18) स्वाद, 20) खिल्ली, 22) सौभाग्य, 23) बढ़िया; बहुत, 25) ख़र्च.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | धि | क | ■ | ■ | स | र | स | ■ | प |
| चा | ■ | प | र | च | म | ■ | मा | धु | र्य |
| न | गा | ड़ा | ■ | कि | स्त | ■ | वे | ■ | वे |
| क | ड़ी | ■ | म | त | ■ | अं | श | ■ | क्ष |
| ■ | वा | लि | द | ■ | पं | डा | ■ | ख़ा | क |
| म | न | ■ | द | रा | ज | ■ | क्ष | ति | ■ |
| न | ■ | दं | गा | ■ | र | मा | ■ | र | क्षा |
| हू | ■ | प | र | त | ■ | य | शो | दा | ■ |
| स | म्म | ति | ■ | क | मी | ना | ■ | री | छ |

## सुडोकू-पहेली-3050

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 8 | | 9 | | 7 |
| | | | | 5 | | | 2 | |
| | 4 | | 9 | 6 | | | | 8 |
| | 2 | | | | | 5 | | 4 |
| 4 | 6 | 9 | | | 1 | | | |
| | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | 7 | | 1 |
| | | 1 | | | 2 | | | |
| 6 | 3 | | | | | | | 5 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3049 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 1 | 5 | 3 | 7 | 6 | 9 | 4 |
| 3 | 7 | 9 | 2 | 6 | 4 | 1 | 8 | 5 |
| 4 | 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 | 3 | 2 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 9 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 7 | 9 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 9 | 3 | 1 | 7 |
| 7 | 8 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 6 | 9 |
| 1 | 9 | 6 | 3 | 7 | 2 | 4 | 5 | 8 |

# मुर्शिदाबाद में 31 जुलाई तक तैनात रहेंगे केंद्रीय बल, हाई कोर्ट का आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने गुरुवार को कहा है कि अशांत मुर्शिदाबाद जिले में अभी केंद्रीय बल की तैनाती बनी रहेगी। जब तक अगला आदेश न आ जाए, तब तक बल को हटाया नहीं जा सकता। इस मामले की अगली सुनवाई 31 जुलाई को होगी। गुरुवार को कोलकाता हाई कोर्ट के न्यायाधीश सौमेन सेन ने इस संबंध में यह निर्देश दिया। न्यायाधीश सेन ने कहा कि जिलों में पुलिस की संख्या कम है। अगर पुलिस बल पर्याप्त होता, तो हाल ही में मुर्शिदाबाद में जो साम्प्रदायिक तनाव हुआ, उसे नियंत्रित किया जा सकता था। उन्होंने यह भी टिप्पणी की कि वर्तमान हालात देखते हुए हर जिले में पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों



की तैनाती जरूरी है। केंद्र सरकार की ओर से पेश की गई रिपोर्ट में कहा गया कि यदि अदालत निर्देश दे, तो एनआईए जांच के लिए तैयार है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश ने कहा कि अगले आदेश तक केंद्रीय बल तैनात रहेगी।

गुरुवार को सुनवाई के दौरान न्यायाधीश सेन ने राज्य सरकार के अधिवक्ता कल्याण बंद्योपाध्याय से कहा कि अब समय आ गया है कि पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मियों की नियुक्ति की जाए। मुर्शिदाबाद समेत कई जिलों में पुलिस की संख्या बहुत कम है। यदि पर्याप्त पुलिस बल होती, तो शायद स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सकता था। इसके जवाब में, कल्याण बंद्योपाध्याय ने तर्क दिया कि पूरे देश में सुरक्षा बलों की संख्या कम है। अगर बल पर्याप्त होते, तो पहलगाम जैसी घटना नहीं होती। इस पर, न्यायाधीश ने कहा कि हर जगह कम से कम सुरक्षा बल की मौजूदगी जरूरी है। राज्य सरकार के मुआवजे पर भी सवाल उठा। अधिवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिया है। इस पर, न्यायाधीश सेन ने पूछा कि क्या मुआवजा राज्य की तय योजना के अनुरूप दिया गया है। क्योंकि जो आप पर्याप्त मान रहे हैं, वह पीड़ित परिवारों के लिए पर्याप्त नहीं भी हो सकता है।

इस बीच, केंद्र सरकार ने हाई कोर्ट में एक रिपोर्ट दाखिल की, जिसमें कहा गया है कि राज्य में कम से कम 15 स्थानों पर अशांति फैलने की आशंका है। 18 अप्रैल को ही राज्य के मुख्य सचिव और डीजी को चेतावनी दी गई थी कि केंद्रीय संपत्तियों पर हमले की संभावना है। अदालत यदि आदेश दे तो एनआईए जांच का भार लेने को तैयार है। हालांकि, न्यायाधीश सेन ने यह भी कहा कि अब तक जो रिपोर्ट अदालत के समक्ष आई है, उससे लगता है कि प्रशासन ने अच्छा कार्य किया है। अगली सुनवाई 31 जुलाई को होगी।

## शमशेरगंज में पिता-पुत्र की हत्या के मामले में पुलिसिया उत्पीड़न का मामला भेजी गई नई पीठ को

**मुर्शिदाबाद जिले में हाल ही में भड़की साम्प्रदायिक हिंसा में मारे गए एक पिता और पुत्र के परिजनों द्वारा पुलिसिया उत्पीड़न के खिलाफ दाखिल याचिका को कलकत्ता हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने गुरुवार को सुनवाई के लिए उपयुक्त पीठ के पास भेजने का आदेश दिया। यह मामला अब मुख्य न्यायाधीश को भेजा जाएगा ताकि वह इसे संबंधित पीठ को सौंप सकें। न्यायमूर्ति सौमेन सेन की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि पुलिस की निष्क्रियता या अति-कार्रवाई से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए पहले से ही एक विशेष पीठ निर्धारित है, इसलिए इस याचिका को वहीं भेजा जाना उचित होगा। इससे पहले, हाई कोर्ट की एकल पीठ ने भी यह याचिका डिवीजन बेंच के समक्ष लंबित मामलों के चलते वापस कर दी थी, क्योंकि याचिकाकर्ता उन्हीं घटनाओं से जुड़े पीड़ितों में शामिल हैं। यह याचिका हरगोबिंद दास और उनके पुत्र चंदन की विधवाओं द्वारा दायर की गई थी, जिनकी हत्या मुर्शिदाबाद जिले के शमशेरगंज इलाके में 12 अप्रैल को उस समय कर दी गई थी जब वक्फ (संशोधन) अधिनियम के विरोध में प्रदर्शन हो रहे थे। आरोप है कि उन्हें दंगाइयों ने बेरहमी से मार डाला था। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि मृतकों के परिजन कोलकाता के साल्ट लेक इलाके में एक मकान में रहकर हाई कोर्ट में याचिका दायर करने की तैयारी कर रहे थे, तभी बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट के कर्मियों ने उनके घर का दरवाजा तोड़ दिया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। अब इस मामले की सुनवाई संबंधित पीठ द्वारा की जाएगी, जिसकी नियुक्ति मुख्य न्यायाधीश द्वारा की जाएगी।**

## बारानगर में पेपर गोदाम में देर रात लगी भीषण आग

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के बारानगर थाना अंतर्गत आरआईसी औद्योगिक एस्टेट, ब्लॉक- 2, बनहुगली में स्थित एक पेपर गोदाम में देर रात भीषण आग लग गई। हालांकि, दमकल की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। लेकिन, इस आगजनी में काफी नुकसान पहुंचा है। मिली जानकारी के अनुसार, गत सोमवार की देर रात करीब 12.30 से 1 बजे के दरमियान अचानक गोदाम में आग लग गई। पता चला है कि गोदाम बंद था। स्थानीय लोगों ने आग की लपटों को देख पुलिस एवं दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस एवं दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और मंगलवार की सुबह करीब 6.30 बजे आग पर काबू पाया गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## राज्यपाल बोस को 24 दिन के बाद अस्पताल से मिली छुट्टी, आराम करने की दी गई सलाह



**❑ सीने में दर्द की शिकायत के बाद हुए थे भर्ती**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस को गुरुवार की सुबह कोलकाता स्थित एक निजी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, जहां वह बीते लगभग तीन सप्ताह से भर्ती थे। बता दें कि गत 22 अप्रैल को कंधे में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल की ओर से जारी बयान के अनुसार, फील्ड विज़िट के दौरान अत्यधिक कार्यभार के कारण राज्यपाल को कंधे में दर्द हुआ। विस्तृत जांच में उनके हृदय की धमनियों में हल्की रुकावट (माइल्ड कोरोनरी आर्टरी डिजीज) पाई गई। इसके बाद, चिकित्सकों ने एक इंटरवेंशन प्रक्रिया की, जिसमें वे पूरी तरह सहयोगी रहे और उपचार का अच्छा असर देखने को मिला। अस्पताल ने बताया कि अब राज्यपाल की ऑक्सीजन संतृप्ति 100 प्रतिशत है, जबकि रक्तचाप और रक्त शर्करा का स्तर भी सामान्य है। बोस की सर्जरी नहीं की गई, दवाओं के जरिये उनका उपचार किया गया। उन्हें अगले मूल्यांकन तक कार्यभार को धीमा रखने की सलाह दी गई है। उल्लेखनीय है कि गत 21 अप्रैल को मुर्शिदाबाद ज़िले के दंगा प्रभावित क्षेत्रों के दौरे के बाद लौटने पर राज्यपाल अस्वस्थ महसूस कर रहे थे, जिसके बाद उन्हें सबसे पहले कोलकाता के ईस्टर्न कमांड अस्पताल ले जाया गया। अगले दिन उन्हें निजी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया था, जहां से गुरुवार को उन्हें छुट्टी दे दी गई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्यपाल के स्वास्थ्य को लेकर गहरी चिंता जताई थी और दोनों अस्पतालों में जाकर उनसे मुलाकात भी की थी।

## ममता के उत्तर बंगाल के दौरे से पहले भाजपा में सेंधमारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री बारला तृणमूल में शामिल

**❑ पूर्व केंद्रीय मंत्री का आरोप, 'मुझे आदिवासियों के लिए काम नहीं करने दिया गया'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व केंद्रीय मंत्री जॉन बारला गुरुवार को भाजपा छोड़ तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए। उन्होंने भाजपा नेतृत्व पर आदिवासियों और चाय बागान श्रमिकों के कल्याण के लिए काम करने के उनके प्रयासों में बार-बार अड़चन डालने का आरोप लगाया। इस दिन, जॉन बारला सुब्रत बख्शी और अरूप बिस्वास जैसे वरिष्ठ तृणमूल नेताओं की मौजूदगी में कोलकाता में औपचारिक तौर पर पार्टी में शामिल हो गए। इस दौरान, उन्होंने कहा कि अगर पार्टी ही लोगों के लिए किए जा रहे विकास कार्यों को रोक दे, तो मुझे उसमें क्यों बने




रहना चाहिए? बारला ने आरोप लगाया कि जब मैं केंद्रीय मंत्री बना, तो मैंने जब भी लोगों के लिए काम करने की कोशिश की, मुझे हर बार अड़चनों का सामना करना पड़ा। पार्टी नेतृत्व ने मुझे बार-बार रोका। उन्होंने कहा कि वह 160 करोड़ रुपये की लागत से अस्पताल बनाना चाहते थे और इसके लिए भूमि की पहचान सहित सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई थीं। बारला ने दावा किया कि हमें बस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने थे, लेकिन विपक्ष के मौजूदा नेता शुभेंदु अधिकारी ने इसे रोक दिया। कोलकाता से दिल्ली फोन किया गया और परियोजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। बारला ने कहा कि चाय बागान श्रमिकों और जनजातीय आबादी ने (चुनाव में) भाजपा को आशीर्वाद दिया, लेकिन बदले में उन्हें क्या मिला। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का आभार जताना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे एक ऐसा मंच दिया, जहां से मैं वास्तव में लोगों के लिए काम कर सकता हूं। मैंने कुछ महीने पहले उनसे बात की थी और उन्होंने मुझे आगे आने और लोगों की सेवा करने के लिए कहा। यही वजह है कि मैं तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो रहा हूं।

## चुनाव बाद हिंसा के मामलों में पीड़ितों को तत्काल मुआवजा मिले, नहीं तो अवमानना का केस चलेगा : हाई कोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पहले ही चुनाव बाद हिंसा के पीड़ितों को मुआवजा देने का आदेश दिया था। न्यायमूर्ति सौमेन सेन ने राज्य को इस संबंध में पीड़ितों के लिए मुआवजे पर शीघ्र निर्णय लेने का मौखिक आदेश दिया। साथ ही, अदालत ने यह भी याद दिलाया कि यदि आदेश का शीघ्र अनुपालन नहीं किया गया तो अदालत की अवमानना का मामला दर्ज किया जाएगा। नाराज जज को यह कहते हुए सुना गया कि चुनाव के बाद हुई हिंसा से प्रभावित लोगों के लिए मुआवज़ा देने का आदेश पहले ही दिया जा चुका है। अगर इसे जल्दी लागू नहीं किया गया, तो हमें अदालत की अवमानना के लिए एक विशेष पीठ बनाने पर मजबूर होना पड़ेगा। इस दिन, अदालत ने राज्य के वित्त सचिव और राज्य विधिक सहायता केंद्र के सचिव को द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से मुआवजा मुद्दे का समाधान निकालने के मौखिक निर्देश दिए। मामले की अगली सुनवाई 31 जुलाई को होगी। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष लोकसभा चुनाव के दौरान राज्य के कई इलाकों में हिंसा भड़क उठी थी। कई लोगों की मौत के अलावा, कई घरों में लूटपाट और तोड़फोड़ की गई। इस संबंध में कलकत्ता उच्च न्यायालय में कई जनहित याचिकाएं दायर की गईं। अदालत ने पहले भी उस मामले में मुआवजा देने का आदेश दिया था।

## एंटली केस में तीन और आरोपी गिरफ्तार, 31.5 लाख रूपये की लूटी हुई नकदी बरामद



**कोलकाता :** एंटली थाना कांड की जांच के दौरान पहले ही सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है। 14 मई को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दक्षिण 24 परगना जिले के पथर प्रतिमा थाना अंतर्गत खेत्र मोहन गांव से तड़के 1:10 बजे तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में शामिल हैं शहनाज शेख उर्फ राजू उर्फ जाकिर (26), निवासी घाटेश्वर कायलपाड़ा, थाना - मंदिरबाजार, नजमुल हुसैन उर्फ लल्टू (38), निवासी कॉन्वेंट लेन, थाना - एंटली, तथा मूल निवासी घाटेश्वर, कायलपाड़ा, थाना - मंदिरबाजार, और शेख रहमत उर्फ राजेश (30), निवासी कॉन्वेंट लेन, थाना - एंटली।

गिरफ्तारी के बाद इन तीनों आरोपियों से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान शहनाज शेख उर्फ राजू उर्फ जाकिर ने लूटी गई नकदी के छुपाए जाने की जानकारी दी। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने घाटेश्वर कायलपाड़ा स्थित उसके घर से 31,50,000 रूपये (इकतीस लाख पचास हजार रुपये) की नकदी बरामद की।

पुलिस अब इस मामले में आगे की पूछताछ कर रही है और अन्य आरोपियों की तलाश भी जारी है। एंटली थाना अंतर्गत इस बड़े खुलासे से मामले में अहम प्रगति हुई है।

*"A guiding light who will forever live in our hearts"*

With profound sorrow we announce the sad demise of Smt. Bimla Devi Poddar, lovingly known as Barima, a presence that shaped our lives through the wisdom of silence, affection, and quiet dignity.

As the Founder of Jnana Pravaha in Varanasi, she nurtured Indian art, culture, and heritage.
For her lifelong contributions, she was conferred the Padma Shri by the President of India, and received a D.Litt. from Kashi Vidyapeeth University.

Today, her absence echoes in the spaces she once made warm.
Yet her values continue to guide us in every step.
Her grace and kindness will live on in our memories and actions.

In reverence and remembrance of the matriarch of Poddar Neotia family.

Gayatri Neotia Krishna Neotia
Harshavardhan and Madhu Neotia
Smriti and Gautam Morarka
Shraddha Neotia
Parthiv and Mallika
Priyanka, Pranay, Paroma, Ishani and Kaartikeya and
the extended Ambuja Neotia Parivaar.

*A prayer meeting to remember her legacy and celebrate her life will be held on Sunday, 18th May from 4.30-6 pm at Raajkutir, Swabhumi, Kolkata*



*In Loving Memory*

SMT. BIMLA DEVI PODDAR
(28th August 1936 – 14th May 2025)

AmbujaNeotia

# उच्च माध्यमिक की मेरिट सूची में एक और नाम जुड़ा, कईयों के बदले नंबर

**कोलकाता, समाज्ञा :** पोस्ट पब्लिकेशन स्क्रूटनी (पीपीएस) और पोस्ट पब्लिकेशन रिव्यू (पीपीआर) के परिणाम प्रकाशित होने के साथ ही इस वर्ष की उच्च माध्यमिक की मेरिट सूची में एक और नाम जुड़ गया है। कुल मिलाकर 2,689 लोगों के परीक्षा में अंक बढ़े है। इनमें से 20 लोगों के अंक में 30 से अधिक की वृद्धि हुई है। हालांकि, संसद ने यह नहीं बताया कि अधिकतम कितने अंक बढ़े हैं। इस संदर्भ में, उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष चिरंजीव भट्टाचार्य ने कहा कि हमें करीब 5 लाख परीक्षार्थियों की 30 लाख कॉपियां देखनी पड़ी। हालांकि, पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अंकों पर पुनः विचार में बहुत कम संख्या में छात्रों के अंकों में वृद्धि हुई है। हालांकि, 21 से 30 और 30 से अधिक अंक 32 लोग प्राप्त किये है, जो कि काफी अधिक संख्या है। अतः संसद एक बार फिर इसकी जांच करेगी। इस वर्ष की उच्चतर माध्यमिक योग्यता सूची (शीर्ष 10) में प्रारंभ में 72 नाम थे। इस बार, यह संख्या बढ़कर 73 हो गई है। क्योंकि, अलीपुरद्वार के

सालकुमार हाट हाई स्कूल की छात्रा मौमा बिस्वास को 487 अंक मिले हैं। स्क्रूटनी में इसमें 2 अंक और वृद्धि होकर 489 अंक हो गए है। परिणामस्वरूप मौमा, जो ग्यारहवें स्थान पर थे, नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उस स्थान पर पहले से ही 17 लोग मौजूद थे। इस बार, यह संख्या बढ़कर 18 हो गई है। बताया गया है कि कुल 6,101 विषय-आधारित उत्तर पुस्तिकाएं पीपीआर को प्रस्तुत की गईं थी। इनमें से 1,602 लोगों के नंबर बदल गये हैं। शेष 4,499 लोगों के साथ कुछ खास नहीं हुआ। दूसरी ओर, पीपएस के मामले में कुल 5,454 उत्तर पुस्तिकाएं पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रस्तुत की गईं। इनमें से 1,087 लोगों के मामले में प्राप्त संख्या में परिवर्तन हुआ। शेष 4,367 लोगों के अंक समान रहे। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष की उच्चतर माध्यमिक परीक्षा की तत्काल संवीक्षा एवं समीक्षा के लिए आवेदन 8 मई की मध्य रात्रि 12 बजे से शुरू हो गए थे। यह प्रक्रिया 11 मई की रात 11:59 बजे समाप्त हो गई। हालांकि, जांच और समीक्षा के लिए आवेदन स्वीकार करने की प्रक्रिया (नियमित आधार पर) अभी भी जारी है। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 22 मई है।

# सिउड़ी में परित्यक्त मकान में जोरदार विस्फोट, दो गिरफ्तार



**बीरभूम :** बीरभूम जिले के सिउड़ी थानांतर्गत कुंखुदीहि गांव के पश्चिम पाड़ा इलाके में बुधवार रात एक परित्यक्त मिट्टी के मकान में हुए जोरदार विस्फोट से इलाके में हड़कंप मच गया। विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि मकान की टिन की छत उड़कर पास के खजूर और बेर के पेड़ों की चोटी पर जा गिरी, जबकि आसपास के कई पेड़ झुलस गए। स्थानीय लोगों का संदेह है कि इस परित्यक्त मकान में विस्फोटक सामग्री, बम, छिपाकर रखे गए थे। जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दो संदिग्धों को हिरासत में लिया, जबकि मकान मालिक गोलाम मोर्तजा घटना के बाद से फरार है। गोलाम मोर्तजा सैंथिया क्षेत्र के एक बालू घाट पर कार्यरत है और ट्रैक्टर व टोटो का मालिक भी है। जिस घर में धमाका हुआ, वह लंबे समय से खाली पड़ा था, लेकिन उसके आस-पास मोर्तजा और उसके रिश्तेदार रहते हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार मकान मालिक की तलाश की जा रही है।

## अनीसुर रहमान की गिरफ्तारी वारंट और संपत्ति जब्ती नोटिस पर जवाब के लिए सरकार ने मांगा समय

### हाई कोर्ट ने सोमवार तक जवाब देने का दिया आदेश, वकील ने उठाए थे सवाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** राशन भ्रष्टाचार मामले में आरोपी तृणमूल नेता अनीसुर रहमान के गिरफ्तारी वारंट और संपत्ति जब्ती नोटिस के बारे में उसके वकील ने सवाल खड़ा किया है। राज्य ने इसका जवाब देने के लिए समय मांगी ली है। न्यायमूर्ति जॉय सेनगुप्ता ने राज्य को अगले सोमवार तक जवाब देने का आदेश दिया है। अनीसुर रहमान के वकील ने कहा कि राशन भ्रष्टाचार मामले में जिस दिन अनीसुर रहमान के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था, उसी दिन पुलिस ने उनकी संपत्ति जब्त करने का नोटिस कैसे जारी कर दिया? सर्वोच्च न्यायालय के कई फैसले हैं। यह अवैध है। न्यायमूर्ति जॉय सेनगुप्ता ने कहा कि गिरफ्तारी वारंट जारी करने में कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन पुलिस उस दिन उनकी संपत्ति जब्त करने का नोटिस नहीं दे सकती। राज्य के वकील ने कहा कि उनके पास इस संबंध में एक विशिष्ट बयान है, तथा राज्य उस बयान को प्रस्तुत करने के लिए अदालत से समय मांग रहा है। मामले की अगली सुनवाई अगले सोमवार को होगी। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने उस दिन राज्य को जवाब देने के लिए बुलाया है।

## तेहट्ट के तृणमूल विधायक तापस साहा का निधन, मुख्यमंत्री ममता ने जताया शोक

### विधानसभा में पार्थिव शरीर को पार्टी नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के तेहट्ट विधानसभा क्षेत्र से सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के विधायक तापस साहा का गुरुवार की सुबह निधन हो गया। वे 66 वर्ष के थे। बता दें कि मंगलवार को ब्रेन हेमरेज के बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। स्थिति बिगड़ने पर बुधवार को उन्हें कोलकाता के एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। साहा का नियुक्ति घोटाले में नाम था और वे सीबीआई जांच के दायरे में थे। उनके निधन पर मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने गहरा शोक जताया है। ममता ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- मैं नदिया के तेहट्ट से विधायक और हमारे तृणमूल



कांग्रेस परिवार के एक महत्वपूर्ण सदस्य तापस साहा के असामयिक निधन से बहुत दुखी हूं। ममता बनर्जी ने कहा कि वह मेरे लंबे समय के सहकर्मी थे। उनका निधन जिले और बंगाल की राजनीति के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मैं उनके परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों और असंख्य समर्थकों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं। इस दिन, दोपहर में साहा का पार्थिव शरीर विधानसभा भी लाया गया, जहां विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी, तृणमूल कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव व सांसद अभिषेक बनर्जी, संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेव चटर्जी सहित अन्य विधायकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि तापस साहा साल 2016 से 2021 तक नदिया के पलाशीपाड़ा से विधायक थे। इसके बाद 2021 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल ने उन्हें तेहट्ट सीट से उतारा था और वे निर्वाचित हुए थे। नियुक्ति घोटाले के सिलसिले में सीबीआई ने साल 2023 के मध्य में उनके तेहट्ट स्थित घर और कार्यालय सहित कई ठिकानों पर 15 घंटे तक तलाशी ली थी। सीबीआई ने दावा किया था कि उसे विभिन्न विभागों में नियुक्ति घोटाले के स्पष्ट सबूत मिले। साहा को बाद में पूछताछ के लिए भी सीबीआई ने तलब किया था।

## सोशल मीडिया पर भारत विरोधी पोस्ट साझा करने वाला युवक गिरफ्तार



**मुर्शिदाबाद :** सोशल मीडिया पर भारत विरोधी पोस्ट साझा करने के आरोप में बहरमपुर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान असमत शेख के रूप में हुई है, जो रंगामाटी ग्राम पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आता है और बहरमपुर थाना क्षेत्र का निवासी है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने एक अज्ञात मुस्लिम धर्मगुरु का भड़काऊ भाषण वाला वीडियो अपने फेसबुक प्रोफाइल पर साझा किया था, जिसमें भारत को विभाजित करने की बात कही गई थी। इस वीडियो के वायरल होने के बाद कई स्थानीय नागरिकों ने इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू की और बुधवार देर रात असमत शेख को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, वीडियो में धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाला और राष्ट्रविरोधी संदेश दिया गया था। सोशल मीडिया से वह वीडियो अब हटा दिया गया है और पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। आरोपी से पूछताछ जारी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि वह इस प्रकार की सामग्री कहां से प्राप्त कर रहा था और इसके पीछे कोई संगठित साजिश है या नहीं।

## वीवो वी50 एलीट एडिशन लॉन्च, इन-बॉक्स टीडब्ल्यूएस के साथ दमदार फीचर्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** वीवो ने अपने प्रीमियम स्मार्टफोन सीरीज में नया वी50 एलीट एडिशन लॉन्च किया है, जो ब्रांड का पहला ऐसा स्मार्टफोन है जिसमें इन-बॉक्स टीडब्ल्यूएस 3ई डार्क इंडिगो दिए गए हैं। यह डिवाइस 12 जीबी रैम और 512 जीबी स्टोरेज के साथ रोज रेड कलर में उपलब्ध है। वी50 एलीट एडिशन 6,000 एमएएच की बड़ी बैटरी, 90 डबल्यू फ्लैशचार्ज और क्वाड-कर्व्ड अमोल्ड डिस्प्ले से लैस है। इसमें 50एमपी जाइस ऑल-मेन कैमरा सेटअप, मल्टीफोकल पोर्ट्रेट्स और भारत के लिए खास वेडिंग पोर्ट्रेट स्टूडियो शामिल हैं। यह फोन आईपी68 और आईपी69 रेटिंग्स के साथ ड्रॉप वॉटर रेसिस्टेंट है और स्नैपड्रैगन 7 जेन 3 प्रोसेसर द्वारा संचालित है। एआई आधारित फीचर्स जैसे सर्कल टू सर्च और एआई इरेजर 2.0 इसे स्मार्ट यूजर अनुभव प्रदान करते हैं। वीवो वी50 एलीट एडिशन की कीमत 41,999 रखी गई है और यह 15 मई से फ्लिपकार्ट, अमेजन और रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध होगा।

## जल्द लॉन्च होगा आईकू नियो 10

**नई दिल्ली/कोलकाता :** हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू , अब मोबाइल की स्पीड और परफॉर्मेंस को एक नया स्तर देने जा रहा है। कंपनी 26 मई 2025 को भारत में अपना नया स्मार्टफोन आईकू नियो 10 लॉन्च करने वाली है। आईकू नियो 10 खासतौर पर मल्टीटास्किंग करने वाले युवाओं और करियर की शुरुआत कर रहे प्रोफेशनल्स के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह अपने सेगमेंट में भारत का सबसे तेज़ स्मार्टफोन है, जो डुअल चिप पावर के साथ फ्लैगशिप-लेवल की परफॉर्मेंस, इनोवेशन और स्पीड देता है।

## जरूरतमंदों में ह्वील चेयर वितरित



**कोलकाता, समाज्ञा :** इनर ह्वील क्लब ऑफ कलकत्ता मेट्रोपोलिटन का 36वां स्थापना दिवस जरूरतमंदों में ह्वील चेयर वितरित कर मनाया गया। अस मौके पर पार्षद सुष्मिता सेन, डिस्ट्रिक्ट वाइस प्रेसिडेंट सीमा सोन्थलिया, डॉ ललिता सेठ, क्लब अध्यक्ष सीमा सेठी, निवर्तमान अध्यक्ष रेखा लाटा, चार्टर्ड अध्यक्ष मंजू राय, रेखा सचदेव,लीना पोद्दार, पद्मिनी जायसवाल, सीमा खेतान सहित बहुत सी सदस्याएं उपस्थित थीं।

## हावड़ा मंडल ने चलाया सघन टिकट जांच अभियान, 278 यात्री बिना टिकट पकड़े गए



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल द्वारा टिकट रहित यात्रा पर नियंत्रण और यात्रियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से तारकेश्वर स्टेशन तथा शेउराफुली-तारकेश्वर खंड में एक व्यापक टिकट जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान डॉ. उदय शंकर झा, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (पूर्व रेलवे) के निर्देशन में आयोजित किया गया। अभियान में टीटीई की एक समर्पित टीम और रेलवे सुरक्षा बल के कर्मियों ने भाग लिया। अभियान के दौरान कुल 316 मामलों में बिना टिकट और अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों को पकड़ा गया, जिनमें से 278 यात्री पूर्ण रूप से बिना टिकट पाए गए। इन यात्रियों से कुल 1,10,575 का जुर्माना मौके पर ही वसूला गया, जो रेलवे के नियमों के कड़ाई से पालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही, रेलवे द्वारा स्टेशनों, ट्रेनों और उनके परिसरों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान अभियान के अंतर्गत उन यात्रियों पर भी कार्रवाई की गई, जो स्वच्छता व्यवस्था में बाधा डालते पाए गए।

## जल शक्ति मंत्री ने बंगाल में नमामि गंगे कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने बंगाल में 'नमामि गंगे' कार्यक्रम की प्रगति का आकलन करने के लिए गुरुवार को अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में राष्ट्रीय नदी पुनरुद्धार पहल के तहत जारी परियोजनाओं की स्थिति, लक्ष्य की उपलब्धियों और समयबद्ध तरीके से कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित किया गया। गंगा और उसकी सहायक नदियों की स्वच्छता के लिए केंद्र की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए पाटिल ने कहा कि समीक्षा पश्चिम बंगाल सरकार के साथ करीबी समन्वय में की गई। उन्होंने केंद्र



और राज्य के बीच सहयोग के महत्व पर भी जोर दिया। मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें हमारी नदियों का संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम कर रही हैं। बैठक में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के अधिकारी और राज्य सरकार के प्रतिनिधि उपस्थित थे, जहां उन्होंने प्रमुख परियोजनाओं और प्रगति में बाधा डालने वाले बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की।

## बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन के लिए ऋषिका त्रिवेदी को मुख्यमंत्री और जिला शिक्षा विभाग से सम्मान



**हावड़ा :** दिल्ली पब्लिक स्कूल, हावड़ा के कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने पर ऋषिका त्रिवेदी को प्रदेशभर में सराहना मिल रही है। उनकी इस उपलब्धि को माननीय मुख्यमंत्री एवं जिला शिक्षा विभाग ने विशेष रूप से सराहा है। ऋषिका की मेहनत, समर्पण और निरंतर प्रयासों ने उन्हें यह गौरव दिलाया है, जो न केवल उनके परिवार और विद्यालय के लिए, बल्कि पूरे जनपद के लिए गर्व की बात है। जिले के शिक्षा अधिकारियों ने भी ऋषिका को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री द्वारा की गई सराहना ने न केवल छात्रा का मनोबल बढ़ाया है, बल्कि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का कार्य किया है। शिक्षा क्षेत्र में यह उपलब्धि नई ऊर्जा का संचार कर रही है।

## ईस्टर्न रेलवे भारत स्काउट्स और गाइड्स की वार्षिक राज्य परिषद बैठक का आयोजन

**कोलकाता :** भारत स्काउट्स और गाइड्स, ईस्टर्न रेलवे द्वारा आयोजित वार्षिक राज्य परिषद बैठक-2025 का आयोजन फेयरली प्लेस स्थित कॉन्फ्रेंस रूम में किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता ईस्टर्न रेलवे के महाप्रबंधक एवं भारत स्काउट्स और गाइड्स, ईस्टर्न रेलवे के संरक्षक मिलिंद देवुस्कर ने की।

बैठक में कई विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही, जिनमें ईस्टर्न रेलवे की प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं राज्य मुख्य आयुक्त ज़रानी फिरदौसी, प्रधान मुख्य अभियंता विक्रम गुप्ता, मुख्य यांत्रिक अभियंता (पर्यावरण एवं स्वच्छता) सुधर्शन विजय तथा मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्रशासन) एवं राज्य आयुक्त (गाइड्स) जे.पी. कुसुमाकर शामिल थीं। इसके अतिरिक्त, सभी जिला संघों के प्रतिनिधि भी बैठक में उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत प्रार्थना से हुई, जिसके बाद बीते वित्तीय वर्ष के दौरान




भारत स्काउट्स और गाइड्स, ईस्टर्न रेलवे द्वारा प्राप्त उपलब्धियों पर एक पॉवरपॉइंट प्रस्तुति दी गई। बैठक का प्रमुख उद्देश्य अगले वर्ष प्रस्तावित 21वें ऑल इंडिया रेलवे जैम्बोरेट की तैयारियों पर चर्चा करना था, जिसकी मेज़बानी इस बार रेलवे बोर्ड द्वारा ईस्टर्न रेलवे को सौंपी गई है।

इस अवसर पर अपने संबोधन में महाप्रबंधक मिलिंद देवुस्कर ने भारत स्काउट्स और गाइड्स के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्काउट्स और गाइड्स समाज और रेलवे दोनों के लिए बेहद उपयोगी हैं, क्योंकि उनमें विश्लेषणात्मक सोच, चुनौतियों का सामना करने की क्षमता और सेवा भाव होता है। उन्होंने आपातकालीन स्थितियों में स्काउट्स और गाइड्स द्वारा किए गए समाजसेवी कार्यों की भी प्रशंसा की और यूनिट लीडरों से आग्रह किया कि वे स्काउट सदस्यों के कौशल विकास पर विशेष ध्यान दें।

## राष्ट्रीय हरित अधिकरण का नई दिल्ली में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने नई दिल्ली स्थित अपनी प्रधान न्यायपीठ के परिसर में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। यह शिविर लंग केयर फाउंडेशन और डॉक्टर्स फॉर क्लीन एयर के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों और आगंतुकों के बीच



स्वास्थ्य एवं तंदुरुस्ती को बढ़ावा देना था। शिविर में प्रतिभागियों की फेफड़ों की कार्यप्रणाली का आकलन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नावली भरवाने के बाद स्पाइरोमेट्री परीक्षण किया गया। इस शिविर का उद्घाटन एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने अन्य गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति में किया। एनजीओ टीम का नेतृत्व लंग केयर फाउंडेशन के सीईओ अभिषेक कुमार ने किया, जिसमें मेदांता अस्पताल के चेस्ट और लंग ट्रांसप्लांट सर्जन प्रो. (डॉ.) अरविंद कुमार, वरिष्ठ पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. विवेक सिंह तथा चार तकनीशियन और नर्सिंग अधिकारी शामिल थे। परीक्षण के उपरांत उपस्थित लोगों को फेफड़ों के स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें श्वसन क्षमता बढ़ाने वाले व्यायाम कराकर दिखाए गए। यह शिविर न केवल स्वास्थ्य जांच का माध्यम बना, बल्कि यह कार्यस्थल पर स्वास्थ्य जागरूकता और समग्र कल्याण को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास भी रहा।

## आसनसोल स्टेशन पर 11 बच्चों की तस्करी नाकाम, ट्रेन से पांच आरोपी गिरफ्तार

**आसनसोल :** आसनसोल रेलवे स्टेशन पर बाल तस्करी की एक बड़ी साजिश को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने समय रहते विफल कर दिया। दक्षिण भारत में मोटी तनख्वाह का झांसा देकर 11 नाबालिग बच्चों को ले जाया जा रहा था, जिन्हें ताम्बरम साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस से रेस्क्यू किया गया। यह कार्रवाई महिला आरपीएफ अधिकारी शुभ्रा दे के नेतृत्व में की गई, जिन्होंने बुधवार शाम नियमित जांच के दौरान ट्रेन के अनारक्षित कोच में बच्चों को संदिग्ध हालात में देखा और उनसे पूछताछ की। पूछताछ में पता चला कि ये बच्चे पश्चिम बंगाल के बीरभूम और झारखंड के गिरिडीह, जमुई, लखीसराय व जामताड़ा जिलों के



निवासी हैं। सभी बच्चों को बेहतर जीवन और मोटी सैलरी का लालच देकर ले जाया जा रहा था। बच्चों की निशानदेही पर आरपीएफ ने ट्रेन से ही पांच तस्करों को गिरफ्तार किया और सभी को आसनसोल स्टेशन पर उतारा गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपियों का नेटवर्क बिहार और बंगाल के कई जिलों में फैला है, जो गरीबी और लाचारी का फायदा उठाकर बच्चों की तस्करी को अंजाम देता है। गिरफ्तार तस्करों को बाल तस्करी अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई के लिए रेलवे पुलिस के हवाले कर दिया गया है। फिलहाल, मामले की गहन जांच जारी है।

## सियालदह मंडल में टिकट जांच कर्मचारियों के लिए विशिष्ट पहचान बैज की शुरुआत




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में अब सभी टिकट जांच कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान विशिष्ट पहचान बैज पहनना अनिवार्य किया गया है। डीआरएम राजीव सक्सेना द्वारा इस नई पहल की शुरुआत की गई, जिसे वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक जसराम मीणा के नेतृत्व में लागू किया गया है। इस पहचान बैज पर विशेष लोगो भी अंकित होगा और यह सभी अधिकृत टिकट परीक्षकों की वर्दी का अभिन्न हिस्सा बनेगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य फर्जी टीटीई की पहचान को रोकना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा को बढ़ाना है। डीआरएम श्री सक्सेना ने कहा कि यह कदम भारतीय रेलवे में टिकट जांच प्रक्रिया की विश्वसनीयता और कार्यकुशलता को एक नई दिशा देगा।

## श्री अग्रसेन कॉलेज हावड़ा में बी. ए. विभाग की छात्राओं ने श्रद्धा पूर्वक मनाई रवीन्द्र जयंती

**हावड़ा :** हावड़ा के स्वनामधन्य महाविद्यालय 'श्री अग्रसेन कॉलेज हावड़ा' की ओर से कॉलेज सभागार में सुचारू रुप से चल रहे बी. ए. विभाग के प्रातःकालीन सत्र की छात्राओं ने विश्व कवि रवीन्द्र नाथ टैगोर की 164 वीं जन्म जयंती श्रद्धापूर्वक मनायी। कॉलेज के बी. ए. विभाग के जनरल, ज्योग्रफी, पोलिटिकल सांइस, एजुकेशन, हिन्दी, इंग्लिश व हिस्ट्री ऑनर्स की छात्राओं द्वारा विशेष रूप से आयोजित इस रवीन्द्र जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कॉलेज के चेयरमैन महावीर प्रसाद सराफ ने कहा कि विश्वकवि रवीन्द्र नाथ ठाकुर ने बंगाल और देश का न केवल नाम पूरी दुनिया में रौशन किया अपितु यहां की सभ्यता-संस्कृति से अपनी सशक्त लेखनी के माध्यम से पूरे विश्व



को अवगत कराया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर शोभोनीता दत्ता ने कहा कि उनकी रचनाएं आज की पीढ़ी का मार्गदर्शन करने में अहम हैं। बी . ए. की छात्राओं द्वारा द्वारा प्रस्तुत विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भावपूर्ण श्रद्धा निवेदित की गई। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रोफेसर शोभोनीता दत्ता, कुमारजीत मंडल, डॉ. अंजन नियोगी, सुरजीत साहा, ऋत्विक गिरि, काकोली भट्टाचार्य, अरिजीत कानूनगो, देवाशीष राय, इन्द्राणी दासगुप्ता, लेबोरेट्री प्रभारी मैत्रेयी मैत्र, प्रियंका नाथ, पुस्तकालय सहायक पोलोमी सिन्हा, राजू सिन्हा राय सहित काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# अभी घर नहीं लौटेंगे बीएसएफ जवान पूर्णम, गर्भवती पत्नी मिलने फिर जाएंगी पठानकोट

## पत्नी ने कहा... 'जासूस समझकर उनके पति को विभिन्न प्रकार की मानसिक यातनाएं दी गईं'

**हुगली, समाज्ञा :** 23 अप्रैल से पाकिस्तानी रेंजर्स की हिरासत में रहे बंगाल के हुगली जिले के रिसड़ा निवासी बीएसएफ कांस्टेबल पूर्णम कुमार साव को 21 दिनों बाद बुधवार को सुरक्षित रिहा कर दिया गया। हालांकि, वह फिलहाल घर नहीं लौटेंगे। यह जानकारी जवान की गर्भवती पत्नी रजनी साव ने दी है। उन्होंने कहा कि ऐसे में वह खुद अपने पति से मिलने के लिए पंजाब के पठानकोट जाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि वह अगले सप्ताह पठानकोट में अपने पति के कार्यस्थल पर जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि सीमा पर मौजूदा हालात और पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव के कारण पूर्णम अभी घर नहीं लौट पाएंगे। हमने बीएसएफ मुख्यालय में बात की है। रजनी ने कहा कि पाकिस्तानी सेना द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद पूर्णम को ठीक से सोने नहीं दिया गया। उन्हें जासूस समझकर विभिन्न प्रकार की मानसिक यातनाएं दी गई हैं। यह बात फोन उनके पति ने उन्हें बताई है।

### बीएसएफ जवान पूर्णम साव से मिले नेता प्रतिपक्ष शिवेंदु अधिकारी, बोले... 'मोदी सरकार ने सिंदूर की रक्षा की'



**हुगली, समाज्ञा :** बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार साव की वतन वापसी के बाद रिसड़ा स्थित उनके निवास पर बधाई देने वालों का सिलसिला लगातार जारी है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी भी पूर्णम साव के घर पहुंचे और उनके परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान बैरकपुर लोकसभा सीट से पूर्व भाजपा सांसद अर्जुन सिंह भी उनके साथ मौजूद रहे। परिवार से बातचीत के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि, 'पूर्णम साव के परिवार में देशभक्ति कूट-कूट कर भरी हुई है। यह नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की ही दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है कि आज भारत मजबूत हाथों में सुरक्षित है। प्रधानमंत्री मोदी देश और देशवासियों पर किसी तरह की आंच नहीं आने देंगे।' उन्होंने हालिया सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना करते हुए कहा कि देश ने सेना का पराक्रम देखा है जो आतंकी देश की बहनों-माताओं के सिंदूर को मिटाने का दुस्साहस करते हैं, उन्हें हमारी सेना ने उन्हीं के ठिकानों पर मिट्टी में मिला दिया। पूर्णम की पत्नी रजनी साव ने भी अपने वक्तव्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा, 'पीएम मोदी ने मेरे सिंदूर की रक्षा की है। मेरा सुहाग सही सलामत वापस लौट आया है।' शुभेंदु अधिकारी ने यह भी घोषणा की कि पूर्णम कुमार साव के रिसड़ा लौटने पर एक विशाल तिरंगा रैली निकाली जाएगी, जिसमें उन्हें कमल के फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया जाएगा। पूर्णम की पत्नी रजनी साव ने भी स्वीकार किया है कि पीएम मोदी ने उनके सिंदूर की रक्षा की है उनका सुहाग सही सलामत वापस लौट आया है।

### विधानसभा का ग्रीष्मकालीन सत्र 9 जून से होगा शुरू, सेना को धन्यवाद करने के लिए लाया जाएगा प्रस्ताव

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा के मानसून सत्र में 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए भारतीय सेना को धन्यवाद देने हेतु एक प्रस्ताव लाया जा सकता है। विधानसभा स्पीकर बिमान बनर्जी ने गुरुवार को यह घोषणा की। विधानसभा सूत्रों के अनुसार, विधानसभा का मानसून सत्र नौ जून से शुरू हो सकता है। यह दो सप्ताह से थोड़ा अधिक समय तक चलेगा। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि सेना को धन्यवाद देने का प्रस्ताव कब लाया जाएगा। यह निर्णय विधानसभा की कार्य समिति की बैठक में लिया जाएगा। इसके बाद ही इसकी घोषणा की जाएगी।

### ग्रीन लाइन-2 पर 18 मई को पूर्ण ट्रैफिक ब्लॉक, उस दिन सेवाएं रहेंगी बंद

**कोलकाता, समाज्ञा :** ग्रीन लाइन-2 के हावड़ा मैदान से एस्प्लेनेड खंड के बीच 18 मई (रविवार) को आवश्यक मरम्मत कार्य के कारण पूर्ण ट्रैफिक ब्लॉक रहेगा। इस कारण, उस दिन ग्रीन लाइन-2 पर कोई मेट्रो सेवा उपलब्ध नहीं होगी। हालांकि, ब्लू लाइन पर मेट्रो सेवाएं सामान्य रूप से चलती रहेंगी। यात्रियों को हुई असुविधा के लिए गहरा खेद व्यक्त किया गया है।

### हावड़ा और पुरी के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस में 16 मई से चार और डिब्बे जोड़े जायेंगे

**भुवनेश्वर/कोलकाता :** ईस्ट कोस्ट रेलवे ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने यात्रियों द्वारा टिकटों की भारी मांग के कारण हावड़ा और पुरी के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस में चार और कोच जोड़ने का फैसला किया है। ईस्ट कोस्ट रेलवे की ओर से जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि डिब्बों की मौजूदा संख्या 16 से बढ़ाकर 20 की जायेगी, जो 16 मई से प्रभावी होगी। इसमें कहा गया है कि इस सेमी-हाई-स्पीड सेवा पर यात्रा करने वाले यात्रियों की बढ़ती संख्या को समायोजित करने के उद्देश्य से चार वातानुकूलित कुर्सी यान जोड़े जाएंगे। बयान में कहा गया है कि यात्रियों की बढ़ती संख्या और यात्रा की मांग की गहन समीक्षा के बाद यह निर्णय किया गया है।

### हुगली ग्रामीण पुलिस के हाथ लगी बड़ी सफलता, मगरा थाना क्षेत्र से शातिर चोर गिरफ्तार

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली ग्रामीण पुलिस के मगरा थाने की टीम ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है, जो हमेशा अकेले ही वारदातों को अंजाम देता था। वह पूरी योजना और तैयारी के साथ चोरी तथा डकैती के उपकरण लेकर घर से निकलता था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी को त्रिवेणी स्टेशन के पास से पकड़ा गया। उसके पास से कटर, टॉर्च, बैटरी सहित कई अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शेख सैफुद्दीन के रूप में हुई है, जो बालागढ़ थाना अंतर्गत गुप्तीपाड़ा के रामपुर गांव का निवासी है। फिलहाल वह नदिया जिले के सिमुराली इलाके में रह रहा था। शेख सैफुद्दीन ने हुगली, पूर्व बर्दवान, नदिया समेत कई जिलों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। आरोपी को गुरुवार को चुंचुड़ा कोर्ट में रिमांड अर्जी के साथ पेश किया गया।

## बीएसएफ जवान पूर्णम को बधाई देने पहुंचा सीपीआईएम प्रतिनिधि दल



**हुगली, समाज्ञा :** बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार साव की वतन वापसी की खबर ने पूरे इलाके में उत्सव जैसा माहौल पैदा कर दिया है। बुधवार से ही उनके रिसड़ा स्थित निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है, जो गुरुवार तक भी जारी रहा। आत्मीय जनों के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी जवान की बहादुरी को सलाम करने उनके घर पहुंच रहे हैं। गुरुवार को सीपीआईएम के केंद्रीय कमेटी सदस्य देवब्रत घोष तथा राज्य कमेटी सदस्य तीर्थंकर राय ने साव परिवार से मुलाकात की। उन्होंने पूर्णम कुमार साव की पत्नी रजनी साव, पिता भोलानाथ साव, माता देवंती देवी और पुत्र अरव साव से भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और जवान के सुरक्षित लौटने पर हर्ष प्रकट किया।

**क्या हुआ था 22 अप्रैल को?**

उल्लेखनीय है कि बीते 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में आतंकियों ने पर्यटकों पर धर्म पूछकर गोलीबारी की थी, जिसमें 26 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई। इस जघन्य कृत्य के ठीक एक दिन बाद, बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार साव ड्यूटी के दौरान अनजाने में पाकिस्तान सीमा में प्रवेश कर गए, जहां उन्हें पाकिस्तानी रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया।

इसके बाद भारत सरकार ने इस कायराना हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तीनों सेना प्रमुखों को खुली छूट देते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' की शुरुआत की। इस सशक्त अभियान में नौ आतंकी ठिकानों पर बम बरसाए गए और 100 से अधिक आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया गया।

हालांकि इस सैन्य कार्रवाई के चलते पूर्णम की रिहाई में देरी हुई। भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तानी रेंजर्स को भी हिरासत में लिया, जिसके बाद दोनों देशों के बीच सीजफायर की घोषणा हुई और पूर्णम साव की घर वापसी संभव हो सकी।

उनकी वापसी सिर्फ एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे देश के सम्मान और साहस की जीत मानी जा रही है।

### कटवा में संपत्ति विवाद ने ली तृणमूल नेता की जान, चाचा की हत्या कर भतीजा फरार

**कोलकाता :** कटवा में संपत्ति विवाद के चलते आपसी रंजिश ने खूनी रूप ले लिया। घटना में तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ता जायरुल मलिक की हत्या कर दी गई। वह मंगलकोट के आउग्राम गांव के निवासी थे। जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले जायरुल ने अपने बड़े भाई असदुल मलिक की कथित रूप से पिटाई की थी, जिसके बाद वह अस्पताल में भर्ती है। इस घटना से नाराज असदुल के बेटे अन्ना मलिक ने गुरुवार दोपहर कुछ लोगों के साथ मिलकर अपने चाचा जायरुल पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। आरोप है कि हंसिये से कई वार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल किया गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत जायरुल को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से आरोपी अन्ना मलिक फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

## मुनाफे का लालच देकर ठगी का आरोपी गिरफ्तार



**हुगली :** जिले के मोगरा क्षेत्र में स्थित 'यूनिक मल्टी ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड' नामक कंपनी के खिलाफ करीब 5 करोड़ की ठगी का मामला सामने आया है। कंपनी पर आरोप है कि उसने शेयर बाजार में निवेश कर उच्च मुनाफा दिलाने का लालच देकर लोगों से बड़ी रकम वसूली। शुरुआत में कुछ मुनाफा लौटाया गया, लेकिन बाद में भुगतान बंद हो गया, जिससे निवेशकों को संदेह हुआ। निवेशकों ने मगरा थाने में शिकायत दर्ज कराई। राज्य सरकार के आर्थिक अपराध निदेशालय ने मामले की जांच शुरू की और प्रारंभिक जांच में करीब 5 करोड़ की ठगी की पुष्टि हुई। इस मामले में कंपनी के निदेशक सोमनाथ मुखोपाध्याय को गिरफ्तार कर बुधवार को चुंचुड़ा अदालत में पेश किया गया। अदालत ले जाते समय सोमनाथ मुखोपाध्याय ने दावा किया कि वह अकेले जिम्मेदार नहीं हैं और अन्य लोग भी इस साजिश में शामिल हैं।

# ऋण धोखाधड़ी में 12 केंद्रीय सरकारी कर्मचारी शामिल, एक गिरफ्तार

## कुल मिलाकर 90 लाख रुपये की जालसाजी का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा**

ऋण धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोपियों की सूची में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के नाम सामने आए हैं। रेलवे और भारतीय संग्रहालय सहित कई स्थानों के कर्मचारियों पर ऋण लेने और उसे न चुकाने के आरोप लगे हैं। कुछ लोगों पर यह भी आरोप है कि उन्होंने फर्जी दस्तावेज दिखाकर ऋण लिया। आरोप है कि एक ऋण देने वाली कंपनी के साथ धोखाधड़ी की गई और लगभग 90 लाख रुपये की ठगी की गई। लालबाजार के जासूसों ने घटना की जांच शुरू करने के बाद एक रेलवे कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी रेलवे और संग्रहालय कर्मचारियों से पार्क स्ट्रीट स्थित एक ऋण देने वाली कंपनी के एजेंटों ने संपर्क किया था। कंपनी उन्हें ऋण देने के लिए सहमत हो गयी। लेकिन कर्ज लेने के बाद वे लोग पैसा वापस नहीं करना चाहते थे। दरअसल, मामले की जांच के दौरान लोन देने वाली एजेंसी को पता चला कि कुछ लोगों ने फर्जी दस्तावेज जमा करके लोन लिया है। उन्होंने पार्क स्ट्रीट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद, लालबाजार स्पेशल सेल ने मामले की जांच शुरू की। आरोपियों में पलाश मुखर्जी नामक रेलवे कर्मचारी पर फर्जी दस्तावेज जमा कर 11 लाख रुपये का ऋण लेने का आरोप है। हालांकि, उन्होंने करीब आठ लाख रुपये वापस कर दिया। जासूसों ने उसे हावड़ा से गिरफ्तार कर लिया। जासूसों के अनुसार, बारह सरकारी कर्मचारियों ने इस तरह से 90 लाख रुपये से अधिक का ऋण लिया है। पुलिस ने बताया कि उनके खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है।

# कांग्रेस राज्य भर में एमपी के मंत्री विजय शाह के खिलाफ दर्ज कराएगी एफआईआर

## कर्नल सोफिया कुरैशी की धर्म पर विवादित टिप्पणी का मामला

**कोलकाता, समाज्ञा :** कर्नल सोफिया कुरैशी की धार्मिक पहचान के बारे में विवादास्पद टिप्पणी करने वाले भाजपा नेता के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस राज्यव्यापी एफआईआर दर्ज कराने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने राज्य के हर थाने में विजय शाह के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश दिया है। तदानुसार, कांग्रेस कार्यकर्ता अगले दो दिनों में राज्य के सभी थानों में भाजपा नेता के खिलाफ मामला दर्ज कराने जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश के भाजपा मंत्री विजय शाह ने अल्पसंख्यक समुदाय की प्रतिनिधि सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। हालांकि, इस टिप्पणी में सोफिया कुरैशी का नाम नहीं था, लेकिन कोई यह नहीं समझ पाया कि टिप्पणी उन्हीं के लिए थी। हालांकि, जब विवाद बढ़ा तो विजय ने दावा किया कि उनकी टिप्पणी का गलत अर्थ निकाला गया है। वह कर्नल कुरैशी से 10 बार माफी मांगने को भी तैयार हैं। लेकिन, इससे कोई लाभ नहीं हुआ। कांग्रेस ने देश भर में भाजपा नेता के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। बंगाल भी इससे अछूता नहीं रहा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने निर्णय लिया है कि विजय शाह के खिलाफ पूरे राज्य में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। कांग्रेस नेता अगले 48 घंटों में हर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराएंगे।

## श्री श्याम भक्त मंडल (बेलिलियस रोड) ने किया शरबत वितरण




**हावड़ा, समाज्ञा :** भीषण गर्मी को देखते हुए श्री श्याम भक्त मंडल (बेलिलियस रोड) द्वारा आम जनमानस के लिए शरबत वितरण का आयोजन रखा गया। इस दौरान, सैकड़ों लोगों ने इस शरबत का लाभ उठाया एवं संस्था के कार्य की सराहना की। इस जनसेवा कार्य में अध्यक्ष रोहित जायसवाल, कोषाध्यक्ष विजय कुमार साल, गुड्डू साव, सुरेश जायसवाल, जे.पी. पांडेय, अजय साव, लीला जायसवाल, बबीता जायसवाल, सूर्यांश जायसवाल, भोला जायसवाल समेत अन्य उपस्थित रहे।

## शांतिपुर में बिजली की तेज आवाज के कारण हृदयाघात से दो दस्तों की मौत



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला के शांतिपुर में देर शाम को गरज के साथ हल्की बारिश हुई। इस दौरान, तीन दोस्तों ने बारिश और बिजली से बचने के लिए एक पेड़ के नीचे शरण ली। बिजली की तेज आवाज से दो दोस्त बीमार पड़ गए और एक पेड़ के नीचे बैठ गए। जब बारिश रुकी तो एक अन्य दोस्त उन्हें अस्पताल ले गया। लेकिन, डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस दिन, शाम को तूफान के साथ ही बिजली भी गिरी। शांतिपुर के तीन दोस्तों ने बारिश से बचने के लिए एक पेड़ के नीचे शरण ली। उसी समय, भयंकर तूफान आया। अचानक तेज आवाज से दोनों दोस्तों की तबीयत खराब हो गई और वे पेड़ के नीचे गिर पड़े। तीसरा व्यक्ति उन्हें देखकर थोड़ा डर गया। जब बारिश रुकी तो उनके दोस्त ने उन दोनों को पास के अस्पताल पहुंचाया। लेकिन डॉक्टरों ने उनकी जांच की और उन्हें मृत घोषित कर दिया। ऐसा माना जा रहा है कि गड़गड़ाहट की तेज आवाज के कारण हृदयाघात से दोनों लोगों की मौत हो गई। इस घटना से दोस्त सदमे में हैं। खबर परिजनों को भेज दी गई है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने पर मौत का असली कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# जादवपुर में तार पर गीले कपड़े टांगते समय करंट लगने से महिला की मौत



**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर थाना अंतर्गत प्रिंस गुलाम मोहम्मद हुसैन शाह रोड पर बुधवार को गीले कपड़े टांगने के दौरान बिजली के तार के संपर्क में आने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान अनीता रॉय (34) के रूप में की गई है। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पता चला है कि महिला विवाहित है। पिछले कुछ वर्षों से वह अपने माता-पिता के साथ प्रिंस गुलाम मुहम्मद शाह रोड स्थित घर में रह रही थी। जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह में वह नहाने के बाद अपने घर के सामने तार पर कपड़े टांगने गयी थी। उसी समय अनीता किसी तरह बिजली के तार के संपर्क में आ गई। थोड़ी देर बाद उसके भाई तारक रॉय ने उसे वहीं पड़ा हुआ पाया। अन्य परिवार के सदस्यों और स्थानीय लोगों की मदद से उन्होंने महिला को एमआर बांगुर अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। बाद में, सूचना मिलने पर जादवपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। नगर निगम के सूत्रों के अनुसार, वहां एक स्ट्रीट लाइट पोस्ट से हुकिंग करके बिजली आपूर्ति की जाती थी। उनमें से एक तार उसके घर में घुस गया था। उसी तार पर कपड़े टांगे जाते थे। पुलिस का मानना है कि तार के किसी जगह पर प्लास्टिक का आवरण या कोटिंग नहीं थी। अनीता का गीला हाथ वहां गिरने से उसे बिजली का झटका लगा। पुलिस ने उसका शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का माननाहै कि रिपोर्ट आने के बाद उसकी मौत का विवरण स्पष्ट हो जाएगा। इसके अलावा पुलिस मृतका के पति और बच्चे से भी बातचीत कर रही है। पुलिस ने अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस बीच, विधायक देबाशीष कुमार और पार्षद मौसमी दास दुर्घटना के तुरंत बाद परिवार से मिलने गए।

## देशविरोधी पोस्ट के आरोप में युवक गिरफ्तार

❑ **बांसबेड़िया का रहने वाला युवक सोशल मीडिया पर राफेल विमान को लेकर कर रहा था आपत्तिजनक टिप्पणी**

**हुगली :** भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनावपूर्ण माहौल के बीच केंद्र सरकार और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा सोशल मीडिया पर देशविरोधी पोस्टों को लेकर सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। इसके बावजूद हुगली जिले में लगातार ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। पहले बालागढ़, फिर पांडुआ और अब मोगरा थाना क्षेत्र में ऐसा ही एक मामला उजागर हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, मोगरा थाना अंतर्गत बांसबेड़िया के कलबाजार इलाके का निवासी मोहम्मद वाकिल सोशल मीडिया पर राफेल लड़ाकू विमान को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहा था। भाजपा नेता देवजीत मुखोपाध्याय ने इस संबंध में मोगरा थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के अनुसार, आरोपी वाकिल की सत्तारूढ़ पार्टी के कई नेताओं के साथ सोशल मीडिया पर तस्वीरें भी देखी गई हैं, जिससे राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। गिरफ्तारी के बाद मोहम्मद वाकिल को चुंचुड़ा अदालत में पेश किया गया। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए आगे की जांच कर रही है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. डब्ल्यू_2_623_12_02_2025-26, दिनांक:** 14.05.2025, प्रधान मुख्य इंजीनियर, पूर्व रेलवे, 17, नेताजी सुभाष रोड, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ख्यातिप्राप्त एवं योग्य ठेकेदारों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं. : डब्ल्यू_2_623_12_02_2025-26, कार्य का नाम:** फेयरली प्लेस/कोलकाता में पूर्व रेलवे मुख्यालय भवन में पावर डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम का विस्तार/उन्नयन। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु. 51,63,645.90, **बयाना राशि:** रु. 1,03,300/-, **समापन अवधि:** 06 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 06.06.2025, 14.00 बजे । निविदा कागजात का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि उपर्युक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MISC-65/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**name Change**

I, Mahendra Mishra, son of Sriniwas Mishra, residing at 26, Armenian Street, Telkothi, Kolkata-700001, do hereby solemnly affirm and declare that my minor son's correct name is Shubham Mishra, DOB is 12th November 2009, and Shubham Mishra and Subham Mishra is one and same identical person via affidavit in the Court of the Ld 1st Class Judicial Magistrate Kolkata dated 13th May 2025

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक** 14.05.2025, वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: टीएन-30-25-26, कार्य का नाम:** सियालदह मंडल में वरिष्ठ डीईएन/सी/सियालदह के क्षेत्राधिकार में खराब तट वाले स्थान में सेस की मरम्मत सहित मानसून सतर्कता उपाय के तौर पर तट की सुरक्षा एवं सभी सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.1,30,52,006.95, **बयाना राशि :** रु. 2,15,300/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 09.06.2025 को 15.00 बजे। (1) निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (2) **निविदा के खुलने की तिथि और समय दिनांक 09.06.2025** को 15.30 बजे है।

SDAH-57/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**जीईएम बिड संख्या: जीईएम/2025/बी/6219542, दिनांक:** 10.05.2025, सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता (एफआरटी. एवं डीएम), पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए बोली आमंत्रित की जाती है। **मद कैटेगरी :** मासिक आधार पर कैब एवं टैक्सी को किराए पर लेने की सेवाएं-एसयूवी;3000 किमी X 364 घंटे; आउटस्टेशन 24*7, **कार्यालय का नाम :** हावड़ा मंडल। **बिड बंद होने की तारीख/समय:** 20.05.2025 को 14.00 बजे। **बिड खुलने की तारीख/समय:** 20.05.2025 को 14.30 बजे। **बिड पेशकश वैधता (बंद होने की तारीख से) :** 60 (दिन)। **अनुबंध अवधि:** 3 वर्ष। **बिडर का न्यूनतम औसत वार्षिक टर्नओवर (3 वर्षों का):** 26 लाख। **उन्हीं/समान सेवाओं के लिए अपेक्षित विगत अनुभव के वर्ष :** 3 वर्ष। **इसी तरह की सेवाओं का पिछला आवश्यक अनुभव है:** हाँ। **अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से एमएसई छूट :** नहीं। **अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से स्टार्टअप छूट :** नहीं। **बिड का प्रकार :** दो पैकेट बिड। **विक्रेता से मांगे गए दस्तावेज :** अनुभव मापदंड, बिडर टर्नओवर, प्रमाणपत्र (एटीसी में अनुरोध किया गया), *यदि कोई बिडर अनुभव/ टर्नओवर के मानदंड से छूट चाहता है, तो ऐसी छूट के लिए उनकी पात्रता को प्रमाणित करने वाले समर्थित दस्तावेज क्रेता द्वारा अवश्य ही मूल्यांकन के लिए अपलोड किए जाएं। **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण हेतु अनुमत समय:** 2 दिन। **अनुमानित बिड मूल्य :** रु.17,06,400/-, **ईएमडी विवरण : एडवाइजरी बैंक :** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईएमडी राशि:** रु.34,200/-, **ईपीबीजी विवरण : एडवाइजरी बैंक :** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईपीबीजी प्रतिशत (%):** 5.00, **ईपीबीजी की अपेक्षित अवधि (महीने) :** 42

HWH-83/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**सिलचर-कोलकाता-सिलचर ग्रीष्मकाली स्पेशल ट्रेन की दो ट्रिप रद्द**

परिचालनगत कारणों के चलते, **05639** सिलचर-कोलकाता ग्रीष्मकालीन स्पेशल (यात्रा प्रारम्भ की तारिख 15.05 तथा 22.05.2025) एवं **05640** कोलकाता-सिलचर ग्रीष्मकालीन स्पेशल (यात्रा प्रारम्भ की तारिख 16.05 तथा 23.05.2025) ट्रेन रद्द रहेगी। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**इच्छा की अभिव्यक्ति सूचना**

**प्रोप्राइटरी आर्टिकल डिपो (पीएडी) की संक्षिप्त सूची तैयार करना पंजीकरण**

प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे मुख्यालय, 3 कोयलाघाट स्ट्रीट, कोलकाता-700001 पूर्व रेलवे तथा आईआरसीटीसी द्वारा **लाइसेंस प्राप्त स्टेटिक कैटरिंग यूनिटों तथा एमपीएस यूनिटों में प्रोप्राइटरी आर्टिकल डिपो (पीएडी) की संक्षिप्त सूची तैयार करने/पंजीकरण** हेतु वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** के मार्फत पूर्व रेलवे पोर्टल के जरिए इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करते हैं।

सभी संभावित आवेदकों से प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** का अवलोकन करने का अनुरोध किया जाता है तथा ई.ओ.आई दस्तावेज में उल्लेखित आवेदन प्रपत्र की कीमत एवं पंजीकरण शुल्क के रूप में एफए एंड सीएओ, पूर्व रेलवे, कोलकाता के पक्ष में जारी रु. 5600 (रु. 5000 + टीडीएस की 12% की दर से रु. 600 जीएसटी) (अप्रतिदेय) के डिमांड ड्राफ्ट के साथ उसे जमा किया जा सकता है, अन्यथा आवेदन तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख **18.06.2025 को 15.00 बजे तक** है। बोली पूर्व बैठक **दिनांक 27.05.2025 को 16.00 बजे** आयोजित होगी।

**प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**मालदा मंडल के तहत तिलडांगा और बोनीडांगा स्टेशनों के बीच सबवे के प्रावधान के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

मालदा मंडल के तहत तिलडांगा और बोनीडांगा स्टेशनों के बीच लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 61 और 63 को हटाने के उद्देश्य से सबवे के प्रावधान के लिए आरसीसी बॉक्सों और स्लैब स्थापित करने के संबंध में, बड़हरवा/गुमानी-न्यू फरक्का शाखा में **दिनांक 18.05.2025 (रविवार) को 8 घंटे 30 मिनट (10.00 बजे से 18.30 बजे तक) के लिए ट्रैफिक और पावर ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। इसके फलस्वरूप, **दिनांक 18.05.2025 (रविवार) को** ट्रेन आवागमन में निम्नलिखित व्यवस्था की गई है: ● **रद्द: 63401/63402** साहिबगंज-मालदा टाउन-साहिबगंज मेमू पैसेंजर (यात्रा शुरू दिनांक 18.05.2025)। ● **नियंत्रण [दिनांक 18.05.2025 (रविवार)] : 13161** कोलकाता-बालुरघाट तेभागा एक्सप्रेस को हावड़ा मंडल में 30 मिनट के लिए नियंत्रित किया जाएगा और **03466** दीघा-मालदा टाउन ग्रीष्मकालीन स्पेशल को आसनसोल और हावड़ा मंडल में 90 मिनट के लिए नियंत्रित किया जाएगा। ● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त और संक्षिप्त यात्रा शुरू: 53433** आजिमगंज-बड़हरवा पैसेंजर (यात्रा शुरू दिनांक 18.05.2025) निमतीता में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और **53434** बड़हरवा-आजिमगंज पैसेंजर (यात्रा शुरू दिनांक 18.05.2025) निमतीता से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। ● **पुनर्निर्धारण: 13174** सबरूम-सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 17.05.2025) सबरूम से 5 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। **13173** सियालदह-सबरूम कंचनजंघा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 18.05.2025) सियालदह से 5 घंटे 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। **12364** हल्दीबाड़ी-कोलकाता इंटरसिटी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 18.05.2025) हल्दीबाड़ी से 4 घंटे 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। **13053** हावड़ा-राधिकापुर कुलिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 18.05.2025) हावड़ा से 4 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। **12509** एसएमवीटी बेंगलुरु-गुवाहाटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 16.05.2025) एसएमवीटी बेंगलुरु से 3 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। **63422** साहिबगंज-आजिमगंज मेमू पैसेंजर (यात्रा शुरू दिनांक 18.05.2025) साहिबगंज से 2 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, मालदा**

**पूर्व रेलवे**

## न्यूज इन ब्रीफ

### गोरखपुर चिड़ियाघर के शेर 'पटौदी' की कानपुर में मौत

**गोरखपुर (उप्र) :** गोरखपुर चिड़ियाघर से भेजे गये शेर 'पटौदी' की बृहस्पतिवार को कानपुर चिड़ियाघर में इलाज के दौरान मौत हो गई। संक्रमण से ग्रस्त इस शेर को बेहतर देखभाल के लिए कानपुर ले जाया गया था। गुजरात के सक्करबाग प्राणी उद्यान में जन्मा यह शेर पिछले कुछ हफ्तों से बीमार था। मेडिकल रिपोर्ट में उसके यकृत और अग्नयाशय में गंभीर संक्रमण का पता चला था। गोरखपुर चिड़ियाघर के निदेशक विकास यादव ने बताया कि 'पटौदी' शेर की हालत बिगड़ने पर उसे विशेषज्ञों की देखभाल में रखने के लिए कानपुर ले जाया गया था। 'पटौदी' को 26 सितंबर 2019 को इटावा लॉयन सफारी में भेजा गया था। बाद में फरवरी 2021 में उसे 'मरियम' नामक शेरनी के साथ गोरखपुर चिड़ियाघर लाया गया था।

### नदी में डूबने से दो युवकों की मौत

**गोरखपुर (उप्र) :** गोरखपुर जिले के बेलीपार क्षेत्र में राप्ती नदी में नहाने के दौरान डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।सूत्रों ने बताया कि मझगवां गांव के पास बुधवार को कनैल गांव के अरमान (18) और रितेश प्रजापति (22) अपने चार दोस्तों के साथ नदी में नहाने गए थे। उन्होंने बताया कि इस दौरान अरमान और रितेश नदी के तेज बहाव में बह गए और गहरे पानी में चले जाने से डूब गए। सूत्रों के मुताबिक राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) ने रात भर उनकी तलाश का अभियान चलाया और बृहस्पतिवार सुबह दोनों के शव बरामद किये। एसडीआरएफ प्रभारी अजय सिंह ने कहा कि तेज बहाव के कारण बचाव कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां हर साल लोगों के डूबने की घटनाएं होती हैं, फिर भी कोई चेतावनी संकेत या सुरक्षा उपाय नहीं हैं। ग्राम प्रधान सुधीर निषाद ने मांग की कि घटनास्थल को 'खतरनाक क्षेत्र' घोषित किया जाए। उन्होंने प्रशासन से चेतावनी बोर्ड लगाने तथा तैराकी पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया।

# ग्राम पंचायतों के कार्यों में पारदर्शिता को बढ़ावा दिया जाए : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

लखनऊ : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों को और ज्यादा प्रभावी बनाने के निर्देश दिये हैं। राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि ग्राम सचिवालय की अवधारणा को नीति आयोग ने एक मॉडल के रूप में स्वीकार किया है। लिहाजा प्रदेश के सभी पंचायत भवनों को अब ग्राम सचिवालय के नाम से संबोधित किया जाए। यह पंचायतीराज व्यवस्था को नयी पहचान देने वाला परिवर्तन है। मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों के कार्यों में पारदर्शिता को बढ़ावा देने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि ग्राम पंचायतों की आत्मनिर्भरता ही प्रदेश के सतत विकास का आधार बनेगी। इसके लिए ग्राम स्तर पर कार्यरत सभी व्यवस्थाओं को



सशक्त, पारदर्शी और तकनीकी रूप से सक्षम बनाना आवश्यक है। सरकार इसी दिशा में मिशन मोड में कार्य कर रही है। आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश की 57 हजार 695 ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय की स्थापना हो चुकी है जो लोकतंत्र की अवधारणा को धरातल पर साकार करने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। उन्होंने निर्देश दिए कि इन सचिवालयों में स्थापित कंप्यूटरों के माध्यम से पंचायत गेटवे पोर्टल से जुड़ी समस्त धनराशियों का भुगतान हो, जिससे पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित हो। मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय कॉल सेंटर, ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली, 10-सीटर कॉल सेंटर की स्थापना, ग्राम सचिवालय की जियोफेंसिंग और इंटरनेट कॉलिंग जैसी डिजिटल पहलों की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि ग्राम सहायकों को 15 दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से दिया जाए। साथ ही, ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों एवं जिला पंचायतों के कार्यों की निगरानी के लिए इन डिजिटल मंचों का अधिकतम उपयोग हो।

### बिहार के मुजफ्फरपुर में बंदूक के जोर पर लड़की के साथ दुष्कर्म, दो लोग गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर :** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में तीन लोगों ने कथित तौर पर बंदूक का जोर दिखाकर एक लड़की के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह घटना बुधवार रात को हुई और दो लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि तीसरे आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) विद्यासागर ने बताया कि लड़की की मां की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उसी मोहल्ले के रहने वाले आरोपी लड़की को एक सुनसान जगह पर ले गए और बंदूक को जोर दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उन्होंने कहा कि पीड़िता की चिकित्सा जांच कराई जाएगी तथा मामले की विस्तृत जांच चल रही है।

## भाजपा ने जयपुर में तिरंगा यात्रा निकाली, बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से बृहस्पतिवार को यहां निकाली गयी तिरंगा यात्रा में पार्टी के नेताओं ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए 'आतंकवादियों की कमर तोड़ने' के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की। इसके साथ ही पार्टी नेताओं ने कहा कि यह यात्रा किसी पार्टी का कार्यक्रम नहीं बल्कि यह देश का, समाज का हमारी सेना के लिए किया जा रहा कार्यक्रम है। तिरंगा यात्रा की शुरुआत विख्यात अल्बर्ट हॉल से हुई और उसका समापन बड़ी चौपड़ पर हुआ। यात्रा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाते हुए इस यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान न्यू गेट, बापू बाजार, सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार और जामा मस्जिद समेत कई जगहों पर लोगों ने यात्रा में शामिल लोगों पर पुष्प वर्षा की। सांप्रदायिक एकता का संदेश देते हुए अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों ने जामा मस्जिद में मार्च का स्वागत किया। यात्रा शुरू होने से पहले अल्बर्ट हॉल में सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा, 'पहलगाम आतंकी हमले के बाद देशवासियों के मन में जो ज्वार था। उसे हमारे सैनिकों ने पाकिस्तान में आतंकी अड्डों पर हमला कर शांत करने का काम किया।'

## झारखंड मंत्रिमंडल ने नयी आबकारी नीति को मंजूरी दी, शराब की खुदरा बिक्री निजी कंपनियों को सौंपी



**रांची :** झारखंड कैबिनेट ने बृहस्पतिवार को नयी आबकारी नीति को मंजूरी देते हुए निजी कंपनियों को राज्य में शराब की खुदरा बिक्री की अनुमति दे दी। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने कहा, कैबिनेट ने झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली 2025 को मंजूरी दे दी। आबकारी सचिव मनोज कुमार ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि नए नियमों के तहत अब खुदरा बिक्री का प्रबंधन निजी कंपनियां करेंगी। कुमार ने कहा, शराब के थोक अधिकार केवल राज्य के स्वामित्व वाली झारखंड बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीएल) के पास रहेंगे, जबकि खुदरा बिक्री निजी कंपनियां करेंगी। उन्होंने बताया कि जेएसबीसीएल थोक व खुदरा दोनों बिक्री का प्रबंधन कर रही है, लेकिन कर्मचारियों की कमी के कारण कार्यान्वयन में चुनौतियां पेश आ रही हैं। कुमार ने कहा, इसलिए, हमने शराब की खुदरा बिक्री को निजी कंपनियों को सौंपने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि लॉटरी सिस्टम के जरिए शराब की कुल 1,453 दुकानें निजी कंपनियों को आवंटित की जाएंगी। उन्होंने कहा, एक व्यक्ति एक जिले में अधिकतम 12 दुकानें और पूरे राज्य में 36 दुकानें खरीद सकता है, लेकिन इनका आवंटन लॉटरी सिस्टम के जरिए किया जाएगा। कीमतों के बारे में कुमार ने संकेत दिया कि कुछ ब्रांड के दामों में मामूली वृद्धि हो सकती है। उन्होंने कहा, 500 ब्रांड में से करीब 300 की कीमतों में 5 से 10 रुपये की बढ़ोतरी हो सकती है। कुछ ब्रांड की कीमतें स्थिर रह सकती हैं, जबकि अन्य में कमी हो सकती है। कुमार ने कहा कि नयी नीति एक महीने में लागू हो जाएगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट ने कुल 17 प्रस्ताव पारित किए। झारखंड व्यावसायिक शैक्षणिक संस्थान (शुल्क विनियमन) विधेयक, 2025 को मंजूरी देने के अलावा, कैबिनेट ने शिविरों के दौरान एनसीसी कैडेट के लिए भोजन भत्ते में भी वृद्धि को मंजूरी दी और इसे 150 रुपये से बढ़ाकर 220 रुपये प्रतिदिन कर दिया गया। कैबिनेट ने आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को शामिल करने के अलावा वर्तमान बिहार जेल नियमावली (झारखंड सरकार द्वारा अपनाया गया) को निरस्त कर नयी झारखंड जेल नियमावली-2025 के मसौदे को मंजूरी दी।

## न्यूज अपडेट

### भारत ने दुनिया को बहुत बड़ा संदेश दिया: उपराष्ट्रपति धनखड़





**जयपुर :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' की ओर इशारा करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भारत ने दुनिया को एक बहुत बड़ा संदेश दिया है कि अब आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धनखड़ ने यहां 'भैरों सिंह शेखावत मेमोरियल लाइब्रेरी' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ढांचे पर हमला करने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा,''मैं आज सबसे पहले भारतीय सेना के पराक्रम को सलाम करूंगा। विश्व स्तर पर एक नया मानदंड रखा गया है। शांति का ध्यान रखते हुए आतंकवाद पर चोट करना- यही लक्ष्य रहा है। यह पहली बार हुआ है कि जैश-ए-मोहम्मद एवं लश्कर-ए-तैयबा के ठिकानों पर अंतरराष्ट्रीय सीमा के अंदर सटीक चोट की गई... जिसका प्रमाण विश्व में कोई नहीं मांग रहा है।'' उन्होंने कहा,''पूरी दुनिया ने भारत की ताकत को देखा। भारत ने दुनिया को एक बहुत बड़ा संदेश दिया है। वह संदेश है कि अब से एक बड़ा बदलाव आया है... आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेंगे। आतंकवाद किसी देश के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है।'

### नकली दवा कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई : अब तक 30 करोड़ से ज्यादा की नकली दवाएं जब्त, 68 गिरफ्तार

**लखनऊ (उप्र) :** उत्तर प्रदेश में नकली दवा के कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सख्त कदम उठाते हुए 2024-25 में 30 करोड़ 77 लाख रुपये की नकली दवाएं जब्त की हैं। यहां जारी एक अधिकारिक बयान के मुताबिक विभाग ने पिछले एक साल के दौरान पूरे प्रदेश में 1039 छापेमारी अभियान चलाए और इस दौरान 13,848 नमूने एकत्र किये। नकली दवा के कारोबार में संलिप्त पाये गये 1166 दवा कारोबारियों के लाइसेंस निरस्त किए गये। साथ ही, 68 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। बयान के मुताबिक सबसे ज्यादा कार्रवाई आगरा, लखनऊ और गाजियाबाद में हुई, जहां नकली दवाओं के साथ-साथ 'ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन', 'नारकोटिक्स (मादक पदार्थ)' औषधियां और नकली 'कॉस्मेटिक' उत्पाद भी जब्त किये गए। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस संबंध में सर्वाधिक कार्यवाही लखनऊ, आगरा और गाजियाबाद जिले में की गई। राज्य की राजधानी लखनऊ में एसटीएफ के सहयोग से 'ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन' और नकली दवाओं के खिलाफ कई बड़ी कार्रवाइयां की गईं।फ

### अमृतसर जहरीली शराब कांड: चार और लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या 27 हुई

**चंडीगढ़/अमृतसर :** पंजाब के अमृतसर में जहरीली शराब के कारण पिछले 24 घंटे में चार और लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 27 हो गई है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी। उन्होंने बताया कि चारों में से तीन मौतें भंगवान गांव में और एक गालोवाली कुल्लियां गांव में हुई।इस बीच, कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने बृहस्पतिवार को मजीठा क्षेत्र के गांवों में जहरीली शराब पीने से मरने वालों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये के चेक वितरित किए। धालीवाल ने कहा कि इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में अब तक 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। मंत्री ने कहा कि सरकार अस्पताल में भर्ती लोगों को मुफ्त उपचार मुहैया करा रही है और प्रत्येक को दो लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

समाज्ञा CINE मंत्र

## प्रीति जिंटा ने उन कलाकारों पर रखी राय, जो भारत-पाक संघर्ष पर रहे चुप



पहलगाम हमले फिर ऑपरेशन सिंदूर, इसके बाद भारत-पाकिस्तान तनाव पर कई बॉलीवुड स्टार्स ने अपनी राय रखी। वहीं दूसरी तरफ कई बॉलीवुड स्टार्स ऐसे भी रहे, जिन्हेंने इस मामले पर चुप्पी साधे रखी। जिन लोगों ने भारत पाकिस्तान संघर्ष पर चुप्पी साधे रखी उनको इंटरनेट पर निशाना बनाया गया है। ज्वलंत मुद्दों पर अपनी राय रखने वाली प्रीति जिंटा ने एक्स पर एक फैन के सवाल का जवाब दिया है। उन्होंने बताया है कि इस मुद्दे पर राय नहीं रखने वाले कलाकारों पर उनका क्या कहना है?

**फैन ने प्रीति से पूछा सवाल**

एक फैन ने प्रीति से पूछा 'इस पर आपकी क्या राय है कि इतने सारे कलाकारों और मशहूर बॉलीवुड सितारों ने पहलगाम हमले की निंदा नहीं की और न ही उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे सशस्त्र बलों का समर्थन किया? हम आपकी इस बात के लिए सराहना करते हैं कि आपने भारत के पक्ष में बोला, लेकिन बॉलीवुड में कई लोग भारत के पक्ष में नहीं खड़े हुए।'

**फौजियों से ज्यादा मजबूत होते हैं परिवार**

फैन के सवाल का जवाब देते हुए प्रीति ने लिखा 'मैं हर किसी के बारे में नहीं बोल सकती क्योंकि लोग चीजों को अलग-अलग तरीके से समझते हैं। एक फौजी बच्चा होने और सेना के बैकग्राउंड से आने की वजह से ये चीजें मेरे दिल के बहुत करीब हैं, इसलिए मैं इस बारे में बहुत मुखर हूं कि मैं कैसा महसूस करती हूं। मैंने हिम्मत, पसीना, खून और आंसू करीब से देखे हैं। कभी-कभी मुझे लगता है कि फौजी परिवार खुद फौजियों से ज्यादा मजबूत होते हैं।'

**बयां किया सैनिकों का दर्द**

प्रीति ने आगे लिखा 'क्या आपने उन माताओं को देखा है जो अपने बेटों को हमारे देश के लिए कुर्बान कर देती हैं, वे पत्नियां जो अपने पतियों को फिर कभी मुस्कुराते हुए नहीं देख पाएंगी। वे बच्चे जिनके पिता या माता कभी भी उन्हें जिंदगी में मार्गदर्शन नहीं दे पाएंगे! यह उनकी वास्तविकता है। यह दूसरों की राय के बावजूद कभी नहीं बदलेगी। इसलिए भगवान उन सभी की रक्षा करे।'

**प्रीति जिंटा का वर्क फ्रंट**

प्रीति जिंटा के काम की बात करें तो वह सात साल के ब्रेक के बाद बड़े पर्दे पर वापसी करेंगी। वह राजकुमार संतोषी की फिल्म 'लाहौर 1947' में सनी देओल, शबाना आजमी और अली फजल के साथ नजर आएंगी। फिल्म का निर्माण आमिर खान कर रहे हैं।

## 'हमारे लिए एक आखिरी बार लौट आओ', विराट कोहली से अंगद बेदी की भावुक अपील





विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा ने उनके प्रशंसकों को चौंका दिया। विराट के इस फैसले से इमोशनल हुए फैंस ने उनसे इसे बदलने का आग्रह भी किया। इस बीच अभिनेता अंगद बेदी ने एक पोस्ट करते हुए हैरानी जताई की इतने बड़े क्रिकेटर की विदाई इतने शांत तरीके से कैसे हो रही है?

**पोस्ट कर जताई हैरानी**

विरोट कोहली के दोस्त और अभिनेता अंगद बेदी ने सचिन तेंदुलकर की विदाई का जिक्र करते हुए विराट के संन्यास के बारे में बात की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया और अपनी भावनाएं व्यक्त की। क्रिकेट इतिहास के एक यादगार पल को दर्शाते हुए, उन्होंने साल 2013 में वानखेड़े स्टेडियम में सचिन तेंदुलकर की भावनात्मक विदाई को याद किया।

**अंगद बेदी ने क्या लिखा?**

अभिनेता ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'वानखेड़े साल 2013। सूरज डूब गया, नारे तेज हो गए विराट कोहली के प्रभाव की प्रशंसा विराट के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त करते हुए अंगद ने कहा, विराट का आगमन। सिर्फ एक खिलाड़ी नहीं, बल्कि एक ताकत है। उन्होंने हमारी टीम को उसकी आग, उसका स्वैगर, उसकी आत्मा दी। हर मैच एक पल बन गया। अब यह सिर्फ एक स्क्रीन पर एक पोस्ट के साथ समाप्त हो जाता है? क्या इतनी बड़ी विरासत इतनी चुपचाप कम हो सकती है?'

**विराट को मनाने की बात कही**

अंगद बेदी ने क्रिकेट बोर्ड और विराट कोहली से अपील क्रिकेट बोर्ड से सीधे अपील करते हुए बेदी ने आग्रह किया, 'विराट से बात करें। उन्हें पुनर्विचार के लिए मनाएं।' विराट कोहली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश आपके जाने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा, 'हमारे लिए एक आखिरी बार लौट आओ। स्टैंड में उस लड़की के लिए जिसकी पीठ पर तुम्हारा नाम है। गलियों में उन लड़कों के लिए जो तुम्हारी की नकल कर रहे हैं। बड़े प्रशंसकों के लिए जो अपने बेटे की तरह तुम्हारा समर्थन करते हैं। उस भावना के लिए जो तुमने एक अरब विश्वासियों को दी।' अंगद बेदी की पत्नी नेहा धूपिया ने भी उनसे सहमति जताई और उनकी पोस्ट पर रिएक्ट किया।

## फिल्म कागज का टुकड़ा का पोस्टर हुआ रिलीज

**कोलकाता, समाज्ञा :** फिल्म कागज का टुकड़ा भी शिव जायसवाल के ही निर्देशन में बनी है। इस फिल्म में एक बूढ़ी महिला के जीवन के घटनाक्रम को दिखाया गया है। बूढ़ी महिला के पति और बेटा दोनों ही सेना में थे और देश के लिए लड़ते-लड़ते वीर गति को प्राप्त हुए थे। बहू का भी एक बच्चे को जन्म देकर स्वर्गवास हो गया। पोता रघुनंदन जायसवाल को वह पाल पोष का बड़ा करती है। दादी के लाख मना करने पर भी वह सेना में भर्ती हो जाता है और वह भी वीरगति को प्राप्त हो जाता है, लेकिन जाने के पहले रघुनंदन जायसवाल ने दादी से वादा करके गया था कि उसे हमेशा चिठ्ठियां लिखा करेगा। बूढ़ी महिला बराबर पोस्ट ऑफिस में रघु की चिठ्ठी के लिए जाया करती थी।





पोस्ट मास्टर के डांट के बाद रोटी हुई बाहर निकल जाती है, तभी डाकिए द्वारा बूढ़ी महिला की बात सुनकर उसके अंतर्रात्मा जग उठती है और वह उस बूढ़ी महिला को कोरे कागज को रघु की चिट्ठी पढ़कर सुनाता है और उसे 7 हजार रूपये भी देता है। फिल्म में अभिनय करने वाले कलाकार दादी की भूमिका में सोमा नहा, रघुनंदन जायसवाल की भूमिका में कृष्णा साव, डाकिए की भूमिका में निशांत सिंह और पोस्ट मास्टर की भूमिका में शिव जायसवाल ने जीवन अभिनय किया है। कैमरा और एडिटिंग निशांत सिंह ने किया है।

## यौन उत्पीड़न मामले में विजय राज को बड़ी राहत, सबूतों के अभाव में कोर्ट ने किया बरी



अभिनेता विजय राज को महाराष्ट्र की एक अदालत ने गुरुवार को 2020 में एक सहकर्मी द्वारा दायर यौन उत्पीड़न मामले में बरी कर दिया। अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत पेश करने में विफल रहा। क्रू मेंबर ने आरोप लगाया था कि अभिनेता ने करीब पांच साल पहले फिल्म 'शेरनी' की शूटिंग के दौरान उसका यौन उत्पीड़न किया था।



## ऑपरेशन सिंदूर: अजय देवगन बोले, मैं सशस्त्र बलों को सलाम करता हूं

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने बुधवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान दिखाई गई बहादुरी के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि कोई भी युद्ध नहीं चाहता है।

अभिनेता यहां हॉलीवुड फिल्म 'कराटे किड: लीजेंड्स' का हिंदी ट्रेलर लॉन्च होने के अवसर पर बोल रहे थे।

'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सशस्त्र बलों की बहादुरी के बारे में पूछे जाने पर देवगन ने संवाददाताओं से कहा, ''कोई भी युद्ध नहीं चाहता। लेकिन जब कोई विकल्प नहीं बचा हो, तो कोई विकल्प नहीं है। मैं सशस्त्र बलों, प्रधानमंत्री और सरकार को सलाम करता हूं। उन्होंने बहुत अच्छा काम किया।''

भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले के प्रतिशोध में पिछले सप्ताह 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी स्थलों पर लक्षित हमले किए।

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### मिजोरम में 17 करोड़ रुपये से अधिक की हेरोइन जब्त

**आइजोल :** असम राइफल्स और सीमा शुल्क विभाग के कर्मियों ने बृहस्पतिवार को पूर्वी मिजोरम के चम्फाई जिले में 17.54 करोड़ रुपये मूल्य की 2.5 किलोग्राम हेरोइन जब्त की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केलकांग गांव के पास गश्त के दौरान हेरोइन बरामद की गई। असम राइफल्स ने एक बयान में कहा कि जब्त की गई प्रतिबंधित सामग्री को चम्फाई में सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया गया है।

### हमारे अभियानों की योजना भारत की सुरक्षा पर केंद्रित है : इसरो प्रमुख

**चेन्नई :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने बृहस्पतिवार को कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी के अभियानों की योजना इस तरह से तैयार की गई है ताकि देश की सुरक्षा सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि इसरो 101वें प्रक्षेपण की तैयारी कर रहा है। नारायणन ने कहा कि इसरो के अभियान देश की विविध क्षेत्रों की आवश्यकताओं से प्रेरित हैं और यह अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में प्रौद्योगिकी रूप से सक्षम है। नारायणन से जब यहां संवाददाताओं ने पूछा कि क्या इसरो ने भारतीय सशस्त्र बलों के लिए किसी विशेष प्रक्षेपण की योजना बनाई है, तो उन्होंने कहा, ''हमारे सभी अभियान देश के लोगों और इसकी सुरक्षा के लिए हैं। हम किसी अन्य देश के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करते हैं। हमारे अभियान की योजना हमारी जरूरतों के आधार पर बनाई जाती है।''

### ईडी ने वीवीएमसी के उप निदेशक से 23.25 करोड़ रुपये के आभूषण, सोना जब्त किया

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वसई विरार नगर निगम (वीवीएमसी) में वर्ष 2009 से सरकारी और निजी भूमि पर आवासीय भवनों के कथित अवैध निर्माण के मामले में मुंबई और हैदराबाद में 13 स्थानों पर छापेमारी के दौरान 9.04 करोड़ रुपये नकद और 23.25 करोड़ रुपये के हीरे जड़ित आभूषण जब्त किए हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बुधवार को शुरू हुई और बृहस्पतिवार तक जारी रही इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप वीवीएमसी के उप निदेशक (नगर नियोजन) वाई. एस. रेड्डी के परिसरों से 8.6 करोड़ रुपये नकद और 23.25 करोड़ रुपये के हीरे जड़ित आभूषण और सोना जब्त किया गया। मामला 2009 से वीवीएमसी के अधिकार क्षेत्र में सरकारी एवं निजी भूमि पर आवासीय और वाणिज्यिक भवनों के कथित अवैध निर्माण से संबंधित है। ईडी ने एक बयान में कहा, ''वसई विरार शहर की स्वीकृत विकास योजना के अनुसार अवजल शोधन संयंत्र और 'डंपिंग ग्राउंड' के लिए आरक्षित भूमि पर 41 अवैध इमारतों का निर्माण किया गया।''

### बीएसएफ महानिदेशक जम्मू के सीमावर्ती क्षेत्रों में गए, 'ऑपरेशन सिंदूर' में जवानों के योगदान को सराहा

**जम्मू :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने बृहस्पतिवार को जम्मू के सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा किया और 'ऑपरेशन सिंदूर' में बीएसएफ कर्मियों के अमूल्य योगदान को लेकर उनकी सराहना की। वीरगति को प्राप्त जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए महानिदेशक ने पलौरा स्थित बीएसएफ मुख्यालय में अमर प्रहरी स्मारक पर शहीद उपनिरीक्षक मोहम्मद इम्तियाज और आरक्षी दीपक चिंगाखम की स्मृति में पुष्पचक्र अर्पित किया। दोनों जवानों ने इस 'ऑपरेशन' के दौरान अपनी सीमा चौकी की रक्षा में दुश्मन की भीषण गोलीबारी और गोलाबारी का सामना करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। बीएसएफ ने 'एक्स' पर लिखा, ''राष्ट्र की सेवा में उनके सर्वोच्च बलिदान को शत-शत नमन।'' बीएसएफ जम्मू के जवानों को संबोधित करते हुए महानिदेशक ने सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में देश की सीमाओं की सुरक्षा में बल की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

# प्रधानमंत्री मोदी डर के कारण जातिगत गणना के लिए सहमत हुए: राहुल

**दरभंगा (बिहार) :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की वंचित आबादी के डर से जातिगत गणना कराने पर सहमत हुए हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यह टिप्पणी बिहार के दरभंगा जिले में छात्रों के साथ एक संवाद कार्यक्रम में की। स्थानीय प्रशासन ने कांग्रेस नेता को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने से रोकने का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हुआ। रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने कहा, '' जैसा कि आप सभी जानते हैं कि मेरी कार को (मिथिला विश्वविद्यालय के) गेट पर रोक दिया गया। लेकिन मैंने हार नहीं मानी। मैं बाहर निकला और एक घुमावदार रास्ते से पैदल यहां आ गया।''



उन्होंने बिहार में जन संपर्क कार्यक्रम 'शिक्षा न्याय संवाद' की शुरुआत की। राज्य में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। गांधी ने विश्वविद्यालय के आंबेडकर छात्रावास में यह बात कही, जहां प्रशासन ने कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''आपको पता है कि बिहार की सरकार मुझे क्यों नहीं रोक सकी? ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि आपमें जो ऊर्जा का भंडार है मैं भी उससे ऊर्जावान हुआ हूं। यही वह ऊर्जा है जिसके आगे नरेन्द्र मोदी को झुकना पड़ा।'' गांधी ने दावा किया, '' हमने मोदी से कहा कि आप संविधान को अपने माथे से लगाएं और उन्होंने ऐसा किया। हमने उनसे यह भी कहा था कि आपको जातिगत गणना करानी होगी। दोनों अवसरों पर मोदी ने आप लोगों की प्रतिक्रिया के डर से हमारी मांगों को स्वीकार कर लिया।'' उन्होंने कहा,'' लेकिन तथ्य यह है कि उनकी सरकार अंबानी, अदाणी और उनके जैसे लोगों के हितों की रक्षा करती है। यह व्यवस्था पांच प्रतिशत आबादी के लाभ के लिए काम कर रही है। दलितों, ओबीसी और आदिवासियों की कोई सुनवाई नहीं है, चाहे वह सरकार हो, कॉर्पोरेट जगत हो या फिर मीडिया हो।''

## अमित शाह ने नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में घायल 5 जवानों से एम्स से मुलाकात की

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का दौरा किया और छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान घायल हुए पांच जवानों से मिलकर उनका हालचाल जाना। सुरक्षा बल के ये जवान छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर स्थित कर्रेगुट्टा पहाड़ियों (केजीएच) में चलाए गए 21 दिनों के नक्सल विरोधी अभियान 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' के दौरान घायल हुए थे। शाह ने दिल्ली एम्स के ट्रॉमा सेंटर में घायल जवानों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उनका इलाज कर रहे चिकित्सकों से भी बात की। गृह मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हमारे सुरक्षा बल अपनी बहादुरी से नक्सलवाद का नामोनिशान मिटा रहे हैं। आज दिल्ली एम्स के ट्रॉमा सेंटर में उन सुरक्षा कर्मियों से मुलाकात की, जो छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की



सीमा पर कर्रेगुट्टा पहाड़ियों में उस नक्सल विरोधी अभियान के दौरान घायल हुए थे, जिसमें 31 नक्सलियों को मार गिराया गया। उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उन्हें बताया कि देश उन पर गर्व और भरोसा करता है। 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' के दौरान घायल हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के तीन कोबरा कमांडो, एक सीआरपीएफ जवान और छत्तीसगढ़ पुलिस के एक जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) का एम्स दिल्ली में इलाज किया जा रहा है। इनमें 204 कोबरा बटालियन के सहायक कमांडेंट सागर बोराडे, 203 कोबरा बटालियन के हेड कांस्टेबल मुनीश चंद शर्मा, 204 कोबरा बटालियन के कांस्टेबल धनु राम, सीआरपीएफ की 196 बटालियन के कांस्टेबल कृष्ण कुमार गुर्जर और डीआरजी कांस्टेबल संतोष मुरामी शामिल हैं।

## हरियाणा में पकड़ा गया संदिग्ध जासूस पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के आकाओं के संपर्क में था

**चंडीगढ़ :** पाकिस्तान में बैठे कुछ व्यक्तियों को संवेदनशील जानकारी मुहैया कराने के आरोप में पानीपत जिले में गिरफ्तार किया गया 24 वर्षीय युवक पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के आकाओं के भी संपर्क में था। हरियाणा पुलिस के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) पाकिस्तान की प्रमुख सैन्य खुफिया एजेंसी है। संदिग्ध की पहचान उत्तर प्रदेश के कैराना के निवासी नौमान इलाही (24) के रूप में हुई है जो एक फैक्टरी में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करता था। उन्होंने कहा कि नौमान पर पाकिस्तान को संवेदनशील जानकारी मुहैया कराने का आरोप है और उसे मंगलवार को पकड़ा गया। नौमान की गिरफ्तारी पिछले महीने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ हालिया सैन्य टकराव के मद्देनजर हरियाणा में जारी अलर्ट के बीच हुई है। नौमान कथित तौर पर अपनी बहन जीनत और बहनोई इरफान के साथ पानीपत की हाली कॉलोनी में रह रहा था। जीनत और इरफान ने पत्रकारों को बताया कि नौमान ज्यादातर फैक्टरी में ही रहता था या कैराना स्थित अपने घर चला जाता था। उन्होंने बताया कि बीच-बीच में वह कभी-कभी उनके घर भी आता था।

## कांग्रेस की ओर से 'चेतावनी' मीडिया का फितूर : थरूर

**तिरुवनंतपुरम :** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बृहस्पतिवार को मीडिया में आई उन खबरों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि पार्टी नेतृत्व ने ''स्पष्ट संदेश'' दिया है कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर अपनी टिप्पणी के माध्यम से 'लक्ष्मण रेखा' पार कर दी है। थरूर ने कहा कि उन्हें इस बारे में मीडिया के माध्यम से ही जानकारी मिली है। तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद थरूर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि यह खबर बिना किसी आधार के मीडिया द्वारा गढ़ी गई है। कांग्रेस सांसद ने पार्टी की ओर से चेतावनी मिलने की खबरों को



खारिज करते हुए कहा, ''मुझे नहीं पता कि यह कहां से आया। मैं कल कांग्रेस कार्यसमिति के नेताओं की एक बंद कमरे में हुई बैठक में था। मैं शाम 4.30 बजे शुरू हुई बैठक में शाम 6.35 बजे तक था और मैं यह अवश्य कहना चाहूंगा कि उस समय निश्चित रूप से इनमें से किसी का भी कोई संदर्भ नहीं था और न ही मेरा कोई संदर्भ था।'' उन्होंने कहा, ''अब, अगर उसके बाद कुछ हुआ है, तो मुझे अभी तक इसकी जानकारी नहीं है।'' वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश के बयान का समर्थन करते हुए थरूर ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर जो कुछ भी कहा है वह उनकी निजी राय है, क्योंकि वह पार्टी के आधिकारिक प्रवक्ता नहीं हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा कि लोग उनसे इस विषय पर उनके विचार जानने के लिए आते थे, क्योंकि वे मानते हैं कि उन्हें इनमें से कुछ विषयों के बारे में कुछ जानकारी है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने विधेयकों को मंजूरी देने से संबंधित आदेश को लेकर उच्चतम न्यायालय से 14 सवाल पूछे

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति ने न्यायालय से निम्नलिखित प्रश्न पूछे हैं:

* जब भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के अंतर्गत राज्यपाल के समक्ष कोई विधेयक प्रस्तुत किया जाता है तो उसके पास संवैधानिक विकल्प क्या हैं?
* क्या भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के अंतर्गत राज्यपाल के समक्ष कोई विधेयक प्रस्तुत किए जाने पर वह अपने पास उपलब्ध सभी विकल्पों का उपयोग करते हुए मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह को लेकर बाध्य है?
* क्या भारतीय संविधान के अनुच्छेद 200 के अंतर्गत राज्यपाल द्वारा संवैधानिक विवेक का उपयोग न्यायोचित है?
* क्या भारतीय संविधान का अनुच्छेद 361, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 200 के अंतर्गत राज्यपाल के कार्यों के संबंध में न्यायिक समीक्षा पर पूर्ण पाबंदी लगाता है?
* राज्यपाल द्वारा शक्तियों के इस्तेमाल की संवैधानिक रूप से निर्धारित समय-सीमा और प्रक्रिया के अभाव में, क्या भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत सभी शक्तियों के उपयोग के लिए न्यायिक आदेशों के माध्यम से राज्यपाल के वास्ते समयसीमा और प्रक्रिया निर्धारित की जा सकती है।
* क्या भारत के संविधान के अनुच्छेद 201 के अंतर्गत राष्ट्रपति द्वारा संवैधानिक विवेक का प्रयोग न्यायोचित है?
* संवैधानिक रूप से निर्धारित समय-सीमा और राष्ट्रपति द्वारा शक्तियों के इस्तेमाल के तरीके के अभाव में, क्या भारत के संविधान के अनुच्छेद 201 के तहत विवेकाधिकार के इस्तेमाल के लिए न्यायिक आदेशों के माध्यम से राष्ट्रपति के लिए समय-सीमा और प्रक्रिया निर्धारित की जा सकती है।
* राष्ट्रपति की शक्तियों को नियंत्रित करने वाली संवैधानिक व्यवस्था के आलोक में, क्या राष्ट्रपति को भारत के संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत संदर्भ के माध्यम से उच्चतम न्यायालय से सलाह लेने की आवश्यकता है और जब राज्यपाल किसी विधेयक को राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए भेजता या अपने पास सुरक्षित रखता है, तो उच्चतम न्यायालय की राय लेनी होगी?
* क्या भारतीय संविधान के अनुच्छेद 200 और अनुच्छेद 201 के तहत राज्यपाल और राष्ट्रपति के फैसले कानून बनने से पहले के चरण में न्यायोचित हैं? क्या न्यायालयों को किसी विधेयक के कानून बनने से पहले उसकी विषय-वस्तु पर किसी भी तरह से न्यायिक निर्णय लेने की अनुमति है?
* क्या संवैधानिक शक्तियों का उपयोग और राष्ट्रपति/राज्यपाल के आदेशों को भारत के संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत किसी भी तरह से प्रतिस्थापित किया जा सकता है?
* क्या राज्य विधानमंडल द्वारा बनाया गया कानून भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल की स्वीकृति के बिना लागू माना जाता है?
* भारत के संविधान के अनुच्छेद 145(3) के प्रावधान के मद्देनजर, क्या न्यायालय की किसी भी पीठ के लिए यह तय करना अनिवार्य नहीं है कि उसके समक्ष पेश याचिका में संविधान की व्याख्या की जरूरत है और इसे न्यूनतम पांच न्यायाधीशों की पीठ को भेजा जाए?
* ... (क्या) भारत के संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत सर्वोच्च न्यायालय की शक्तियां प्रक्रियात्मक कानून के मामलों तक सीमित हैं या यह निर्देश जारी करने/आदेश पारित करने तक विस्तारित है?
* क्या संविधान, अनुच्छेद 131 के अंतर्गत मुकदमे के अलावा, केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच विवादों के हल के लिए सर्वोच्च न्यायालय के किसी अन्य क्षेत्राधिकार पर रोक लगाता है?

उच्चमत न्यायालय के आठ अप्रैल के फैसले में विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर फैसला करने को लेकर सभी राज्यपालों के लिए समयसीमा निर्धारित की गई है और कहा गया है कि राज्यपालों को उनके समक्ष प्रस्तुत किसी भी विधेयक के संबंध में संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत कोई विवेकाधिकार नहीं है और उन्हें मंत्रिपरिषद की सलाह का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा।

न्यायालय ने कहा था कि यदि राज्यपाल द्वारा विचार के लिए भेजे गए विधेयक पर राष्ट्रपति मंजूरी नहीं देता है तो राज्य सरकारें सीधे सर्वोच्च न्यायालय का रुख कर सकती हैं।

## छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में बारातियों से भरी बस खाई में गिरी, तीन की मौत 53 अन्य घायल

**बलरामपुर :** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में बारातियों से भरी बस के गहरी खाई में गिरने से एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 53 अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जिले में चांदो थाना क्षेत्र के कंठी घाट में आज दोपहर एक बाराती बस गहरी खाई में गिर गई जिससे उसमें सवार तीन लोगों-- ममेश बड़ा (13), महिला महंती कुजूर (30) और बनेशरा तिर्की (18) की मौत हो गई तथा 53 अन्य बाराती घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक पुलिस को जानकारी मिली है कि बस शंकरगढ़ से बारातियों को लेकर



झारखंड जा रही थी। बस में लगभग 70 बाराती सवार थे। बस जब दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे कंठी घाट के करीब पहुंची तब अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। अधिकारियों ने बताया कि वहां से गुजर रहे मुसाफिरों ने इस हादसे की जानकारी पुलिस को दी तब तत्काल घटनास्थल के लिए पुलिस दल रवाना किया गया तथा राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है तथा 53 लोग घायल हुए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हादसे में घायल 46 लोगों का इलाज जिला चिकित्सालय बलरामपुर में किया जा रहा है।

## पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए देश को सशस्त्र बलों पर गर्व : मनोज सिन्हा

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश को पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाकर पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए सशस्त्र बलों पर गर्व है। सिन्हा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के इन शब्दों को भी दोहराया कि पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में लिया जाना चाहिए। उपराज्यपाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, राष्ट्र को हमारे सशस्त्र बलों पर गर्व है, जिन्होंने बहादुरी के साथ 'ऑपरेशन सिंदूर' की ऐतिहासिक विजय गाथा लिखी और पहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लिया। उन्होंने पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादी ढांचे को नष्ट करके और शीर्ष आतंकवादियों को मार गिराकर वहां बैठे आतंकवादी साजिशकर्ताओं को कड़ी सजा दी है। सिन्हा ने श्रीनगर में बादामी बाग स्थित सेना की 15वीं कोर के मुख्यालय में सैनिकों के साथ रक्षा मंत्री की बातचीत की तस्वीरें भी पोस्ट कीं। इस मौके पर उपराज्यपाल भी मौजूद थे। सिन्हा ने लिखा, दुनिया ने देखा है कि पाकिस्तान केंद्र-शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों की साजिश रचता है और उन्हें अंजाम भी देता है। हमारी शक्तिशाली सेनाओं ने यह सुनिश्चित किया कि अब हम पाकिस्तान के भीतरी इलाकों में घुसकर आतंकवादियों को मार गिराएंगे और हम भविष्य में आतंकवादी कृत्यों को युद्ध की कार्रवाई के रूप में देखेंगे।

## पाकिस्तान ने दिया संकेत: भारत के साथ सिंधु जल संधि पर बातचीत के लिए तैयार

**नयी दिल्ली :** गत 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर भारत द्वारा 1960 की सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को स्थगित करने के कुछ सप्ताह बाद, पाकिस्तान ने इस संधि के बारे में नई दिल्ली की दीर्घकालिक चिंताओं पर चर्चा करने की इच्छा का संकेत दिया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सैयद अली मुर्तजा ने संधि के निलंबन पर भारत सरकार की औपचारिक अधिसूचना का जवाब दिया है। अपनी भारतीय समकक्ष देबश्री मुखर्जी को लिखे पत्र में, मुर्तजा ने नई दिल्ली द्वारा उठाई गई विशिष्ट आपत्तियों पर चर्चा करने के लिए अपनी सरकार की तत्परता व्यक्त की। उन्होंने भारत के कदम के कानूनी आधार पर भी सवाल उठाया कि संधि में कोई निकास संबंधी खंड नहीं है। हालांकि, भारत सरकार अपने फैसले पर अड़ी हुई है। जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों से जब संपर्क किया गया तो उन्होंने इस घटनाक्रम पर आधिकारिक रूप से टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, लेकिन सरकारी सूत्रों ने संकेत दिया कि मौजूदा परिस्थितियों में, भारत की स्थिति में बदलाव की संभावना नहीं है। सूत्रों ने दोहराया कि संधि को निलंबित करने का निर्णय 'जम्मू कश्मीर को लगातार निशाना बनाकर सीमा पार से होने वाले आतंकवाद' के कारण लिया गया था।

## ईरान, भारत से सीखना चाहता है चीतों के संरक्षण के तरीके: आरटीआई

**नयी दिल्ली :** ईरान में तेजी से घट रही चीतों की आबादी के बीच उनके संरक्षण के लिए उसने भारत से चीता प्रबंधन सीखने में रूचि दिखाई है। सूचना का अधिकार (आरटीआई) के माध्यम से यह जानकारी दी गई है।सरकार की चीता परियोजना संचालन समिति के अध्यक्ष राजेश गोपाल ने फरवरी में हुई समिति की बैठक के दौरान यह जानकारी साझा की। बैठक के विवरण में गोपाल के हवाले से कहा गया है, ''हाल ही में हुई एक बैठक में ईरानी अधिकारियों ने भारत में चीता संरक्षण सीखने में अपनी रुचि व्यक्त की है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि भारत के नेतृत्व वाली पहल - 'इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस', चीता संरक्षण और प्रबंधन के बारे में रुचि रखने वाले



अन्य उन देशों से संपर्क कर सकती हैं जहां चीतें पाए जाते हैं। हालांकि, जब यह पूछा गया कि क्या ईरान ने इस संबंध में भारत से औपचारिक रूप से संपर्क किया है, तो राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, इस समय ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। भारत में चीतों के लिए सरकार की कार्य योजना में यह भी उल्लेख किया गया है कि देश को गंभीर रूप से संकटग्रस्त ईरानी चीतों के संरक्षण के प्रयासों में ईरान और वैश्विक संरक्षण समुदाय की सहायता करने में खुशी होगी। चीता एकमात्र ऐसा बड़ा मांसाहारी प्राणी है जो अधिक शिकार और जंगलों में कमी के कारण भारत में लुप्त हो चुका है। छत्तीसगढ़ में कोरेया जिले के साल के जंगल में 1948 में आखिरी ज्ञात चीता मारा गया था, जिसके बाद देश में चीते को विलुप्त घोषित कर दिया गया था। भारत ने ईरान के शाह के साथ 1970 के दशक में एशियाई शेरों के बदले एशियाई चीतों को भारत लाने के लिए चर्चा शुरू की थी। हालांकि, ईरान में एशियाई चीतों की कम आबादी और ईरानी तथा अफ्रीकी चीतों के बीच आनुवंशिक समानता को देखते हुए, बाद में चीतों की अफ्रीकी प्रजातियों को लाने का फैसला किया गया।

## पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध पूरी तरह से द्विपक्षीय रहेंगे, बातचीत आतंकवाद तक ही सीमित: जयशंकर

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ भारत का संबंध और व्यवहार ''पूरी तरह से द्विपक्षीय'' रहेगा और इस संबंध में कई वर्षों से राष्ट्रीय सहमति बनी हुई है और इसमें ''कतई कोई बदलाव नहीं'' होगा। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा कि सिंधु जल संधि तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन ''विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से'' बंद नहीं कर देता। जयशंकर ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पहलगाम हमले के दोषियों को



जवाबदेह ठहराने की जरूरत पर बल दिया था और सात मई की सुबह ''हमने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए उन्हें जवाबदेह ठहराया।'' कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने छह-सात मई की रात को पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ढांचों पर सटीक हमले किए थे, जिसके बाद पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया। पाकिस्तान की कार्रवाई का भारतीय पक्ष द्वारा कड़ा जवाब दिया गया था। दोनों पक्षों ने 10 मई को अपराह्न में सैन्य अभियान महानिदेशकों के बीच वार्ता के बाद सैन्य कार्रवाइयों को रोकने पर सहमति की घोषणा की थी। जयशंकर ने कहा, ''मेरे लिए चीजें बिल्कुल स्पष्ट हैं। इसलिए, मैं इस मौके पर अपनी स्थिति स्पष्ट करना चाहता हूं। जहां तक पाकिस्तान का सवाल है, हमारे संबंध, उनके साथ पूरी तरह से द्विपक्षीय रहेंगे।'' उन्होंने कहा, ''कई वर्षों से यह राष्ट्रीय सहमति है और इस सहमति में कोई बदलाव नहीं आया है कि पाकिस्तान के साथ संबंध द्विपक्षीय होंगे।''

### इजराइली रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक ने रक्षा सचिव से की बात, ऑपरेशन सिंदूर को सराहा: रक्षा मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** इजराइली रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक मेजर जनरल (आरईएस) अमीर बरम ने बृहस्पतिवार को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह से बात की और 'ऑपरेशन सिंदूर की सफलता' की सराहना की। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी साझा की। उन्होंने भारत की 'आतंकवाद के खिलाफ न्यायोचित लड़ाई' के प्रति इजराइल के पूर्ण समर्थन को व्यक्त किया। अधिकारियों ने कहा कि दोनों पक्षों ने 'द्विपक्षीय' रक्षा संबंधों को गहरा करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की तथा रणनीतिक सहयोग को और मजबूत करने के लिए 'भविष्य के प्रारूप' पर चर्चा की।

## सरकार ने तहव्वुर राणा के खिलाफ मुकदमे के लिए तुषार मेहता की अध्यक्षता में वकीलों की टीम नियुक्त की

**नयी दिल्ली :** सरकार ने 26 नवंबर, 2008 को मुंबई में हुए आतंकवादी हमले के मामले में पाकिस्तानी मूल के कनाडाई आतंकवादी तहव्वुर हुसैन राणा के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की अध्यक्षता में वकीलों की एक टीम नियुक्त की है। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने एक अधिसूचना में कहा कि यह नियुक्ति राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण अधिनियम, 2008 और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 के तहत प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए की गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि केंद्र सरकार ने भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की अध्यक्षता में विशेष लोक अभियोजकों की एक टीम नियुक्त की है, जिसमें अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू, वरिष्ठ अधिवक्ता दयान कृष्णन और अधिवक्ता नरेंद्र मान शामिल हैं। यह टीम एनआईए की ओर से दिल्ली स्थित एनआईए की विशेष अदालतों, दिल्ली उच्च न्यायालय और भारत के उच्चतम न्यायालय में आरसी-04/2009/एनआईए/डीएलआई मामले से संबंधित मुकदमे और अन्य मामलों को संभालेंगी। आरसी-04/2009/एनआईए/डीएलआई, दिल्ली में एनआईए के पास पंजीकृत मामले से संबंधित है, जिसमें 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों के संबंध में तहव्वुर हुसैन राणा और डेविड कोलमैन हेडली के खिलाफ मुकदमा चलाया जा रहा है। एनआईए ने वर्षों के निरंतर प्रयास के बाद अमेरिका से राणा का प्रत्यर्पण सुनिश्चित किया और यहां पहुंचने पर 10 अप्रैल को उसे गिरफ्तार कर लिया। राणा पर पाकिस्तान के आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा द्वारा 2008 में किए गए हमलों के पीछे की बड़ी साजिश में शामिल होने का आरोप है।

## गुजरात टाइटन्स को प्ले-ऑफ में खलेगी बटलर की कमी, केकेआर के लिए नहीं लौटेंगे मोईन अली



नयी दिल्ली : इंग्लैंड के टी20 स्टार खिलाड़ी जोस बटलर गुजरात टाइटन्स के आखिरी तीन लीग मैच खेलने के बाद राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के लिए रवाना हो जाएंगे क्योंकि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) प्ले-ऑफ उनके देश की 29 मई से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रही सफेद गेंद की श्रृंखला के दौरान ही होंगे। गुजरात टाइटन्स 11 मैच में 16 अंक के साथ लीग चरण के बाद शीर्ष दो टीमों में शामिल रहेगी क्योंकि उसके दिल्ली कैपिटल्स (18 मई), लखनऊ सुपर जायंट्स (22 मई) और चेन्नई सुपर किंग्स (25 मई) के खिलाफ तीन मैच बचे हैं। 'ईएसपीएनक्रिकइन्फो' की रिपोर्ट के अनुसार श्रीलंका के कुसल मेंडिस प्ले-ऑफ चरण के दौरान बटलर की जगह लेंगे। इंग्लैंड के अन्य मुख्य खिलाड़ियों में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मोईन अली के अलावा जोफ्रा आर्चर (राजस्थान रॉयल्स), सैम करन और जेमी ओवरटन (दोनों चेन्नई सुपर किंग्स) भी वापस नहीं आ रहे हैं। हालांकि लियाम लिविंगस्टोन ऑस्ट्रेलिया के टिम डेविड के साथ टूर्नामेंट के बचे हुए हिस्से के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में शामिल हो रहे हैं। पता चला है कि मोईन अली चोट से जूझ रहे हैं। बुधवार को पीटीआई ने बताया था बांग्लादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान का आईपीएल में खेलना संदिग्ध बना हुआ है जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें जेक फ्रेजर मैकगुर्क के जगह शामिल किया था। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर को अभी तक बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं मिला है और वह इस समय 17 से 30 मई के बीच संयुक्त अरब अमीरात और पाकिस्तान के खिलाफ पांच टी20 मैच खेलने के लिए यूएई में हैं।

## भारत में बनाये जा सकते हैं ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर, बीसीसीआई ले सकता है कुछ खेलों का जिम्मा

नयी दिल्ली : कारपोरेट भागीदारी से देश में ओलंपिक केंद्रों की स्थापना की खेल मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना में भारतीय क्रिकेट बोर्ड भी दो से तीन ओलंपिक खेलों का जिम्मा उठाने को तैयार है और इस योजना पर इस साल काम शुरू हो जायेगा। खेलमंत्री मनसुख मांडविया के साथ बृहस्पतिवार को हुई बैठक में बीसी-सीआई ने यह प्रस्ताव रखा। बैठक में कारपोरेट जगत के 58 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया, 'ओलंपिक खेलों के विकास के लिये कारपोरेट जगत की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिये हुई अहम बैठक में देश में जापान की तर्ज पर ओलंपिक केंद्र खोलने का प्रस्ताव रखा गया।' सूत्र ने कहा, 'कारपोरेट जगत के 58 प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी मौजूद थे जिन्होंने कहा कि बोर्ड दो . तीन खेलों का जिम्मा लेने को तैयार है और यह मंत्रालय तय करेगा कि वे खेल कौन से होंगे।' सूत्र के अनुसार ये सभी केंद्र एक एक ओलंपिक खेल को समर्पित होंगे और लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 को ध्यान में रखकर इनमें उस खेल के 100 से 200 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एक ही जगह पर आधुनिक प्रशिक्षण सुविधायें और विशेषज्ञ उपलब्ध होंगे।

# बुमराह को मदद की नहीं, बल्कि गंभीर-गिल की जोड़ी से समझ की जरूरत होगी



नयी दिल्ली : भारतीय टीम की कप्तानी की दौड़ में जसप्रीत बुमराह सबसे आगे थे लेकिन सिडनी में चार जनवरी की दुर्भाग्यपूर्ण सुबह के बाद से वह धीरे धीरे पिछड़ते चले गए। कप्तानी की भूमिका उनके लिए ही थी लेकिन कुछ महीने पहले वह पीठ के स्कैन के लिए चुपचाप सिडनी क्रिकेट मैदान से चले गए थे। बुमराह की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम टेस्ट में भारत की जीत की जरा सी भी उम्मीद धूमिल हो गई लेकिन इस चोट ने भारत के दीर्घकालिक टेस्ट कप्तान बनने की उनकी संभावनाओं को भी झटका दिया। पूर्व भारतीय टेस्ट खिलाड़ी संजय मांजरेकर ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर लिखा, 'मैं हैरान हूं कि हम टेस्ट कप्तान के रूप में बुमराह के अलावा किसी और विकल्प पर विचार कर रहे हैं। उनकी चोटों के बारे में चिंतित हैं? तो अपने उप-कप्तान को सावधानी से चुनें।' सिद्धिविनायक मंदिर में पूजा करने के लिए मुंबई पहुंचे मुख्य कोच गौतम गभीर की मौजूदगी ने अफवाहों को हवा दे दी कि शुभमन गिल अब भी नेतृत्व की भूमिका के लिए तैयार नहीं हैं। कुछ दिन पहले मुख्य कोच के साथ दिल्ली में नए कप्तान की लंबी बैठक के बाद चयनकर्ताओं या गंभीर के अपने रुख से पीछे हटने की बहुत कम संभावना है। पर ऐसी अफवाहें थीं कि भारतीय क्रिकेट को चलाने वाले प्रभावशाली लोग गिल की अचानक पदोन्नति से खुश नहीं हैं, लेकिन यह मानना पूरी तरह से मूर्खतापूर्ण होगा कि पंजाब के बल्लेबाज को अगले टेस्ट कप्तान के रूप में चुने जाने से पहले इन ताकतवर लोगों को विश्वास में नहीं लिया गया था। बुमराह अब 31 वर्ष के हो चुके हैं और ऐसी स्थिति में आ गए हैं जहां भारतीय टीम की स्थायी कप्तानी दूर का सपना लग सकता है और जानकारों की राय के आधार पर उनके लिए लगातार पांच टेस्ट खेलना मुश्किल होगा। बुमराह की बात की जाए तो चयनकर्ताओं के पास बहुत ही सहज नेतृत्व मौजूद था लेकिन उनकी चिंता भी समझ में आती है क्योंकि ब्रेकडाउन की स्थिति में क्या होता। मैदान पर होने वाली चोटों को नियंत्रित नहीं किया जा सकता है लेकिन स्ट्रेस फ्रैक्चर (पीठ), साइड स्ट्रेन, घुटने और हैमस्ट्रिंग से जुड़ी परेशानियां जो तेज गेंदबाजों को होती हैं, ये सभी फिटनेस से जुड़ी समस्याओं का हिस्सा हैं। सिडनी में जनवरी की एक सुबह चोट लगने के कारण बुमराह तीन महीने के लिए बाहर हो गए। इससे पहले 2022 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप से ठीक पहले मैदान पर ब्रेकडाउन के कारण वह 11 महीने तक खेल से बाहर रहे। ड्रेसिंग रूम का माहौल कैसा होगा, यह इस बात पर निर्भर करता है कि बुमराह इस फैसले को किस तरह लेते हैं।

# अरशद नदीम पर नीरज चोपड़ा ने कहा, हम कभी भी करीबी दोस्त नहीं थे



दोहा : स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने बृहस्पतिवार को स्पष्ट किया कि उनकी और अरशद नदीम की कभी भी करीबी दोस्ती नहीं थी और साथ ही कहा कि हाल में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच चीजें पहले जैसी नहीं रहेंगी। पिछले महीने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद चोपड़ा और उनके परिवार को सोशल मीडिया पर अपशब्दों का सामना करना पड़ा था क्योंकि इस स्टार एथलीट ने बेंगलुरु में एनसी क्लासिक में पाकिस्तान के नदीम को आमंत्रित किया था, हालांकि यह अब स्थगित हो चुकी है। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता और मौजूदा विश्व चैंपियन ने चोपड़ा से यहां डायमंड लीग की पूर्व संध्या पर नदीम के साथ दोस्ती के बारे में पूछे जाने पर स्पष्ट जवाब दिया। नदीम ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था जबकि चोपड़ा 2021 में तोक्यो चरण में पोडियम पर शीर्ष पर रहे थे। चोपड़ा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों से कहा, 'सबसे पहले मैं यह स्पष्ट करना चाहूंगा कि मेरा (नदीम के साथ) बहुत मजबूत रिश्ता नहीं है। हम कभी भी करीबी दोस्त नहीं थे। लेकिन इस वजह (भारत-पाक सीमा पर तनाव) से अब हमारे बीच बातचीत पहले जैसी नहीं होगी। पर अगर कोई मुझसे सम्मान से बात करता है तो मैं भी सम्मान से ही बात करता हूं।'

### डायमंड लीग के दोहा चरण से अभियान का आगाज करेंगे चोपड़ा, जेना भी दौड़ में

दोहा : दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा शुक्रवार को यहां अपने डायमंड लीग अभियान की शुरूआत करेंगे तो उनकी नजरें इस साल के आखिर में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में खिताब बरकरार रखने पर लगी होंगी। भारतीयों के बड़ी तादाद में होने से चोपड़ा को यहां काफी समर्थन मिलेगा। उनका सामना दो बार के विश्व चैम्पियन और 2024 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स, चेक गणराज्य के याकूब वाडलेश, जर्मनी के जूलियन वेबर और मैक्स डेहनिंग, कीनिया के जूलियस येगो और जापान के रॉडरिक जेंकी डीन से होगा। ये सभी बड़ी स्पर्धाओं में चोपड़ा के प्रतिद्वंद्वी रह चुके हैं।

## कोहली में कम से कम 2-3 साल का टेस्ट क्रिकेट बाकी था: शास्त्री



दुबई : पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने कहा कि वह विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले से हैरान थे क्योंकि वह मानते हैं कि स्टार बल्लेबाज में लंबे प्रारूप में खेलने के लिए 2-3 साल और बचे थे। उनका कहना है कि लगातार सार्वजनिक टीकाटिप्पणी से कोहली मानसिक रूप से थक चुके थे। कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की जिसके साथ ही उनके शानदार लाल गेंद करियर का अंत हो गया। उन्होंने 123 टेस्ट मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाए और इससमें 30 शतक शामिल हैं। शास्त्री ने खुलासा किया कि कोहली द्वारा संन्यास का फैसला सार्वजनिक करने से कुछ समय पहले उन्होंने उनसे बात की थी। शास्त्री ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) रिव्यू से कहा, "मैंने उनसे इस बारे में बात की थी। मुझे लगता है कि उनके संन्यास की घोषणा से एक सप्ताह पहले उनका दिमाग बहुत स्पष्ट था। उन्हें कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने कहा, "विराट ने मुझे चौंका दिया क्योंकि मुझे लगा कि उनमें टेस्ट क्रिकेट के लिए कम से कम दो-तीन साल बाकी हैं। लेकिन फिर जब आप मानसिक रूप से थके हुए होते हैं तो यही आपके शरीर को बताता है। आप शारीरिक रूप से इस क्षेत्र में सबसे फिट व्यक्ति हो सकते हैं। शास्त्री ने कहा, "आप अपनी टीम के आधे से अधिक खिलाड़ियों से अधिक फिट हो सकते हैं, लेकिन मानसिक रूप से आप थके हैं तो यह शरीर को एक संदेश भेजता है। आप जानते ही हैं। अपनी बातचीत के बारे में बताते हुए शास्त्री ने कहा कि कोहली का आकर्षक व्यक्तित्व और लगातार सुर्खियों में रहने के कारण वह 'बर्नआउट' (थकान) हो गए। उन्होंने कहा, "उन्हें दुनिया भर में प्रशंसा मिली है। पिछले दशक में किसी भी अन्य क्रिकेटर की तुलना में उनके पास अधिक प्रशंसक हैं।

### डब्ल्यूटीसी में खेलने वाले दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटरों को 26 मई तक रिलीज करें फ्रेंचाइजी : बीसीसीआई

नयी दिल्ली : भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बृहस्पतिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी को निर्देश दिया कि वे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में खेलने वाले दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों को 26 मई तक रिलीज कर दें जिससे ये क्रिकेटर आईपीएल प्लेऑफ के लिए उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। टीमों को भेजे गए परामर्श में बीसीसीआई ने यह भी बताया कि वेस्टइंडीज के खिलाड़ी आईपीएल के बचे मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे जिसे पिछले हफ्ते भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के कारण निलंबित कर दिया गया था। संघर्ष विराम की घोषणा के बाद आईपीएल को 17 मई से फिर से शुरू करने का फैसला किया गया जबकि फाइनल अब तीन जून को होगा जिसे 25 मई को आयोजित होना था। इससे दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों की अंतराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं में टकराव हुआ। बीसीसीआई ने खिलाड़ियों की उपलब्धता को लेकर सीएसए (दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट) सहित विदेशी बोर्डों के साथ बातचीत की। पर दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट संस्था ने 11 जून से लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के मद्देनजर नरमी नहीं दिखाई। यहां जिक्र करना होगा कि दक्षिण अफ्रीका की प्रमुख टी20 लीग की सभी छह टीमें आईपीएल फ्रेंचाइजी के स्वामित्व वाली हैं। दक्षिण अफ्रीका को 31 मई को ब्रिटेन जाना है जबकि प्ले-ऑफ 29 मई से शुरू होंगे। और इसी तारीख से वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड की घरेलू सफेद गेंद की श्रृंखला भी शुरू होगी। बीसीसीआई ने टीमों को एक आधिकारिक संदेश में बताया, 'दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों को सोमवार 26 मई तक दक्षिण अफ्रीका लौटना ही होगा। वेस्टइंडीज के खिलाड़ी पूरे टूर्नामेंट के दौरान उपलब्ध रहेंगे।'



## ट्रंप ने भारत के अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क को शून्य करने की पेशकश देने का दिया संकेत




दोहा (कतर): अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत ने अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क को शून्य करने की पेशकश की है, हालांकि भारत की ओर से अभी तक इसकी कोई पुष्टि नहीं की गई है। ट्रंप ने पश्चिम एशिया की यात्रा के दौरान कतर की राजधानी दोहा में आयोजित व्यापारिक गोलमेज सम्मेलन में यह बात कही। इससे पहले उन्होंने एप्पल द्वारा वहां अपने आईफोन के लिए विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने की योजना पर चर्चा की। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा, 'भारत में बिक्री करना बेहद कठिन है और उन्होंने हमें एक ऐसा समझौता पेश किया है जिसके तहत वे मूलतः हमसे कोई शुल्क नहीं लेने को तैयार हैं।'

## एयरटेल का धोखाधड़ी को पकड़ने वाला समाधान ओटीटी ऐप, मंच पर हानिकारक साइट को ब्लॉक करेगा

कोलकाता : एयरटेल ने बृहस्पतिवार को एक धोखाधड़ी का पता लगाने वाला समाधान पेश किया, जो व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ईमेल और अन्य सहित सभी संचार 'ओवर-द-टॉप' (ओटीटी) ऐप और मंच पर हानिकारक वेबसाइट को चिह्नित करेगा और उन्हें तत्काल ब्लॉक कर देगा। यह सेवा वर्तमान में हरियाणा सर्किल में उपलब्ध है, जिसे जल्द ही पूरे देश में शुरू करने की योजना है। यह कदम डिजिटल धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को देखते हुए महत्वपूर्ण है, जहां उपयोगकर्ताओं को उन्नत तकनीकों, दुर्भावनापूर्ण लिंक और नकली प्रोफाइल का लाभ उठाकर जालसाजों द्वारा ऑनलाइन फंसाया जाता है और धोखा दिया जाता है। एयरटेल ने बयान में कहा, स्पैम (अनचाहे कॉल, मैसेज) के खिलाफ अपनी लड़ाई को जारी रखते हुए कंपनी ने आज एक नए अत्याधुनिक समाधान का अनावरण किया, जो ईमेल, ब्राउजर, ओटीटी जैसे व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एसएमएस आदि सहित सभी संचार 'ओवर-द-टॉप' (ओटीटी) ऐप और मंच पर नुकसान पहुंचाने वाली वेबसाइट का पता लगाएगा और उन्हें तुरंत ब्लॉक करेगा। दूरसंचार कंपनी ने कहा कि यह सेवा बिना किसी अतिरिक्त लागत के सभी एयरटेल मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहकों के लिए एकीकृत और स्वतः सक्षम होगी। इसका अर्थ यह है कि जब कोई ग्राहक एयरटेल की उन्नत सुरक्षा प्रणाली द्वारा हानिकारक के रूप में चिह्नित किसी वेबसाइट तक पहुंचने का प्रयास करेगा, तो पेज लोड अवरुद्ध हो जाएगा, और ग्राहकों को उस पेज पर पुनः निर्देशित किया जाएगा, जिसमें अवरोध का कारण बताया जाएगा।

# देश का निर्यात अप्रैल में नौ प्रतिशत बढ़कर 38.49 अरब डॉलर, व्यापार घाटा पांच महीने के उच्चस्तर पर



नयी दिल्ली : इलेक्ट्रॉनिक और इंजीनियरिंग वस्तुओं के बेहतर प्रदर्शन से भारत का निर्यात अप्रैल में 9.03 प्रतिशत बढ़कर 38.49 अरब डॉलर रहा। वहीं व्यापार घाटा बढ़कर पांच महीने के उच्चस्तर 26.42 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वाणिज्य मंत्रालय के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, कच्चे तेल और उर्वरक के आयात में वृद्धि से अप्रैल में आयात सालाना आधार पर 19.12 प्रतिशत बढ़कर 64.91 अरब डॉलर रहा। आयात बढ़ने से व्यापार घाटा यानी आयात और निर्यात के मूल्य के बीच का अंतर नवंबर, 2024 के बाद से उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। उस समय यह 31.77 अरब डॉलर था। माह के दौरान जिन क्षेत्रों में निर्यात वृद्धि दर्ज की गई, उनमें तंबाकू, कॉफी, समुद्री उत्पाद, चाय, सिले-सिलाये परिधान, चावल, रत्न और आभूषण, मसाले, पेट्रोलियम उत्पाद और औषधि शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक और इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात क्रमशः 39.51 प्रतिशत और 11.28 प्रतिशत बढ़कर 3.69 अरब डॉलर और 9.51 अरब डॉलर रहा। दूसरी तरफ, कच्चे तेल का आयात अप्रैल में 25.6 प्रतिशत बढ़कर 20.7 अरब डॉलर हो गया, जबकि सोने का आयात 4.86 प्रतिशत बढ़कर 3.09 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि भारत इस निर्यात गति को बनाए रखेगा और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद यह हमारे लिए एक अच्छा वर्ष होना चाहिए।' उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, 'हमने इस साल अच्छी शुरुआत की है। निर्यातकों ने अपने कारोबार में मजबूती हासिल की है।' सचिव ने यह भी कहा कि 20 देशों और छह वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करने की रणनीति के सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं और वाणिज्य मंत्रालय इस पर ध्यान केंद्रित देना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते जल्दी अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचने जा रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार, सेवा निर्यात का मूल्य अप्रैल में 35.31 अरब डॉलर रहा, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 30.18 अरब डॉलर था। वहीं, सेवाओं के आयात का अनुमानित मूल्य अप्रैल 2025 में 17.54 अरब डॉलर था, जबकि बीते साल अप्रैल में यह 16.76 अरब डॉलर था।

# सेंसेक्स 1,200 अंक चढ़ा, निफ्टी सात माह बाद फिर 25,000 अंक के पार



मुंबई : चौतरफा लिवाली और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 1,200 अंक चढ़ गया। वहीं एनएसई निफ्टी सात महीने बाद फिर से 25,000 अंक के पार पहुंच गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,200.18 अंक यानी 1.48 प्रतिशत उछलकर सात महीने के उच्चस्तर 82,530.74 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल 29 शेयर लाभ में रहे। सूचकांक कारोबार के पहले चरण में सीमित दायरे में रहा। लेकिन दोपहर कारोबार में बैंक, वाहन, आईटी तथा तेल एवं गैस शेयरों में अच्छी लिवाली से बाजार में तेज बढ़त देखने को मिली। सेंसेक्स एक समय 1,387.58 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 395.20 अंक यानी 1.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ सात महीने के उच्चस्तर 25,062.10 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले, 15 अक्टूबर, 2025 को निफ्टी 25,000 अंक के ऊपर बंद हुआ था। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'घरेलू मुद्रास्फीति में गिरावट और भारत के साथ संभावित व्यापार समझौते के बारे में अमेरिका से सकारात्मक संकेतों के कारण बाजार में जोरदार तेजी आई और यह अच्छी बढ़त के साथ बंद हुआ।' नायर ने कहा कि वाहन और रियल एस्टेट जैसे ब्याज दर-से जुड़े क्षेत्रों ने तेजी की अगुवाई की। उद्योग के सकारात्मक पूर्वानुमान से भी इसे समर्थन मिला। निवेशकों का ध्यान अब फेडरल रिजर्व के प्रमुख के आगामी संबोधन पर है।

### सरकार ने 187 स्टार्टअप को आयकर छूट लाभ देने की मंजूरी दी

नयी दिल्ली : सरकार ने 187 स्टार्टअप कंपनियों को आयकर छूट की मंजूरी दी है। कर लाभ से पात्र स्टार्टअप को अपने गठन की तारीख से 10 साल की अवधि के भीतर किसी भी लगातार तीन वर्षों के लिए मुनाफे पर 100 प्रतिशत आयकर कटौती की अनुमति मिलती है। आयकर लाभ योजना उभरते व्यवसायों को उनके प्रारंभिक वर्षों में सहायता प्रदान करने, नवाचार, रोजगार एवं धन सृजन को प्रोत्साहित करने के लिए तैयार की गई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा, 'उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने आयकर अधिनियम की संशोधित धारा 80-आईएसी के तहत 187 स्टार्टअप को आयकर छूट के लिए मंजूरी दे दी है।' इसमें कहा गया, इस संबंध में निर्णय अंतर-मंत्रालयी बोर्ड (आईएमबी) की बैठक के दौरान लिया गया।

## कॉल न हो पाने और कट जाने से 89 प्रतिशत मोबाइल उपयोगकर्ता परेशान



नयी दिल्ली : लगभग 89 प्रतिशत मोबाइल उपभोक्ताओं को कॉल कनेक्ट होने में समस्या के अलावा कॉल अचानक कट जाने की स्थिति का भी सामना करना पड़ा है जबकि 40 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने अक्सर ऐसी स्थिति आने की शिकायत की है। लोकल सर्किल्स के एक सर्वेक्षण रिपोर्ट से यह जानकारी सामने आई है। लोकल सर्किल्स ने पिछले तीन महीनों में एक सर्वेक्षण किया था कि क्या कॉल कनेक्टिविटी से संबंधित नए नियम आने से कोई अपेक्षित प्रभाव पड़ा है। इस सर्वेक्षण में भारत के 342 जिलों में रहने वाले लोगों से 56,000 से अधिक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं। रिपोर्ट के मुताबिक, सर्वेक्षण में शामिल 89 प्रतिशत मोबाइल उपभोक्ताओं ने कॉल कनेक्ट न होने और कॉल कट जाने की समस्या का सामना करने की बात कही जबकि 40 प्रतिशत उपभोक्ताओं को अक्सर इसका सामना करना पड़ता है। सर्वेक्षण के नतीजे बताते हैं कि कॉल कनेक्ट न होने और बीच में ही कट जाने की समस्या में पिछले 12 महीनों में कोई सुधार नहीं हुआ है। कॉल जुड़ने में समस्या और अचानक कॉल कटने के कारण उपभोक्ताओं को कई बार डेटा/वाई-फाई कॉल (व्हाट्सएप, फेसटाइम, स्काइप) करने के लिए मजबूर होना पड़ा, क्योंकि वे नियमित मोबाइल नेटवर्क से जुड़ नहीं पा रहे थे।

### रुपया 22 पैसे की गिरावट के साथ 85.54 प्रति डॉलर पर

मुंबई : आयातकों की डॉलर मांग और विदेशी कोषों की निकासी के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 22 पैसे की गिरावट के साथ 85.54 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डॉलर की मांग बढ़ने के कारण रुपये में गिरावट आई। हालांकि, घरेलू शेयर बाजार में तेजी तथा कच्चे तेल की कीमत में कल रात आई गिरावट ने रुपये के नुकसान पर कुछ अंकुश लगा दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.53 प्रति डॉलर पर खुला। दिन में कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 85.48 के उच्च एवं 85.73 के निचले स्तर के बीच घूमता रहा।

### ग्लूकॉन-डी का 'एनर्जी का गोला' अभियान बच्चों को गर्मी में दे रहा है राहत

कोलकाता, समाज्ञा: ग्लूकॉन-डी ने बदलते मौसम में बच्चों की थकान और इम्युनिटी की जरूरत को ध्यान में रखते हुए 'एनर्जी का गोला' अभियान शुरू किया है। यह पहल हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई के 100 से अधिक खेल मैदानों और स्टेडियमों में संचालित हो रही है, जहां ग्लूकॉन-डी के ऑरेंज, मैंगो और नींबू पानी फ्लेवर से भरे 700 किलो से ज्यादा गोले वितरित किए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत 10,000 से अधिक बच्चों को ग्लूकोज और विटामिन सी से भरपूर ठंडी मिठास के जरिए तुरंत ऊर्जा और बेहतर इम्युनिटी दी जा रही है। कोलकाता में लिचु बागान, सेंट्रल जेल ग्राउंड और विवेकानंद प्ले ग्राउंड जैसे स्थानों पर इसका आयोजन हुआ। ज़ाइडस वेलनेस के सीईओ तरुण अरोड़ा ने बताया कि यह पहल बच्चों की समर केयर में एक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण को जोड़ती है, जो परंपरा और आधुनिकता का संगम है। अभियान से स्थानीय सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स भी जुड़े हैं, ताकि इसकी पहुंच अधिक से अधिक लोगों तक हो सके।

वर्ष 10, पूर्णांक 4237 अंक 047, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in